कानपुर से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकजन संदेश

विश्वास तोड़ते नहीं, सच छोड़ते नहीं

वर्ष:9, अंक: 332
पृष्ठ : 8
कानपुर महानगर,
गुरुवार
18 अप्रैल, 2024
मूल्य रु. 2.00



1 नुक्कड़ सभा में बिधायक पयागपुर ने 2 राजा जी हवेली रेस्टोरेंट में जमकर मारपीट 3 ग्राम पारेन में निर्माणाधीन विद्यालय

न्यूज गैलरी

### मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और बसपा प्रमुख मायावती ने रामनवमी पर बधाई दी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने राज्य के लोगों को रामनवमी पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भारत के प्राण, सनातन जगत की सकल आस्था के केंद्र, हमारे आराध्य, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन अवतरण दिवस श्री राम नवमी की समस्त प्रदेश वासियों एवं श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! उन्होंने कहा, शताब्दियों की प्रतीक्षा के उपरांत श्री अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला का निर्मित नव्य, भव्य, दिव्य मंदिर कोटि-कोटि रामभक्तों और मानव सभ्यता को हर्षित, गर्वित कर रहा है। जय-जय श्री राम! बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने 'एक्स' पर लिखा, रामनवमी की, देश-दुनिया में रहने वाले, राम के सभी अनुयाइयों को, हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें।

### वायनाड से बीजेपी उम्मीदवार पर दर्ज हैं 242 केस

नई दिल्ली। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच ने लोकसभा चुनाव चरण-2 के उम्मीदवारों के डेटा पर ताजा रिपोर्ट जारी की, जिनके खिलाफ आपराधिक मामले हैं। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मैदान में उतरे कुल 250 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं, जिनमें से तीन पर हत्या का आरोप है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरे चरण के मतदान में 21 फीसदी उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले हैं। रिपोर्ट में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और नेशनल इलेक्शन वॉच द्वारा प्रतियोगियों के स्व-शपथ पत्रों के विश्लेषण का हवाला दिया गया है। चुनाव के दूसरे चरण में चुनाव लड़ रहे 1,198 उम्मीदवारों में से 1,192 पर विश्लेषण किया गया। तीन उम्मीदवारों के खिलाफ हत्या के मामले दर्ज हैं, जबकि 24 हत्या के प्रयास के मामलों में फंसे हैं।

## नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन प्रहार, कमांडर शंकर राव समेत अब तक 79 हुए ढेर, हिट लिस्ट में और भी कई नाम शामिल



नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के सबसे बड़े अभियानों में से एक मेकांकेर इलाके में 29 नक्सली मारे गए और उनके शव बरामद किए गए। छत्तीसगढ़ पुलिस ने कहा कि यह आंकड़ा बढ़ सकता है क्योंकि तलाशी अभियान अभी भी जारी है। 29 माओवादियों में से एक दर्जन से अधिक महिलाएं थीं जो घातक हथियार चला रही थीं और जब सेना ने उन पर हमला किया तो वे पुरुषों की रक्षा करने की कोशिश कर रही थीं। सीमा सुरक्षा बल के दो जवानों और राज्य पुलिस के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक कर्मी सहित तीन सुरक्षाकर्मियों को चोटें आई हैं। अधिकारियों के मुताबिक, अगर यह आंकड़ा 30 से अधिक नक्सलियों की मौत को पार कर जाता है, तो यह पिछले 10 वर्षों में बलों द्वारा किया गया सबसे बड़ा ऑपरेशन होगा। साल 2024 की शुरुआत से अब तक माओवादियों के गढ़ बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ अलग-अलग मुठभेड़ में 79 नक्स्ली मारे गए हैं। इससे पहले ग्रेहाउंड कमांडो ने 2016 में एक ऑपरेशन में 30 नक्सलियों का सफाया कर दिया था। 2021 में एक अन्य ऑपरेशन में शीर्ष नक्सली नेता मिलिंद तेलतुंबडे को 25 अन्य लोगों के साथ मार गिराया गया था। हालाँकि, यह पहला ऑपरेशन होगा जिसमें बड़ी संख्या में नक्सलियों का सफाया किया गया और सुरक्षा बलों की ओर से कोई हताहत नहीं हुआ। 16 अप्रैल को कांकेर डीआरजी और बीएसएफ की एक संयुक्त टीम द्वारा कांकेर जिले के छोटेबेटिया पुलिस स्टेशन सीमा क्षेत्र में एक तलाशी अभियान शुरू किया गया था। छत्तीसगढ़ पुलिस ने कहा कि दोपहर करीब 2 बजे छोटेबेटिया पुलिस थाना क्षेत्र के बीनागुंडा-कोरागुट्टा जंगलों के पास माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें कहा गया है कि मुठभेड़ के बाद इलाके की तलाशी ली गई और मौके से 29 नक्सलियों के शव, भारी मात्रा में एके 47 राइफल, इंसास, एसएलआर/कार्बाइन, 303 राइफल और भारी मात्रा में हथियार गोला बारूद बरामद किए गए। ऑपरेशन में घायल हुए तीन जवान खतरे से बाहर हैं। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 3 एसएलआर, 1 एके-47, 2 पिस्तौल और 2 इंसास बरामद किए गए हैं।एक अधिकारी ने कहा कि हमने पांच इनपुट साझा किए, जिनमें बीनागुंडा क्षेत्र में उत्तर बस्तर डीवीसी माओवादियों की सटीक स्थिति बताने वाले दो इनपुट (जीआर के साथ एक इनपुट भी) शामिल हैं, इस तथ्य को रेखांकित करते हुए कि यह 5 अप्रैल से माओवादियों के एक स्थायी शिविर की तरह काम करता है। पुलिस के अनुसार, ऑपरेशन में मारे गए लोगों में शीर्ष नक्सली शंकर राव, जिनके सिर पर 25 लाख रुपये का इनाम था, और ललिता (दोनों डीवीसीएम, उत्तर बस्तर डिवीजन) शामिल हैं। बस्तर आईजी पी सुंदरराज के मुताबिक, यह इलाके में सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियानों में से एक है।

## असम की धरती पर मोदी गारंटी लेकर आया हूं, पूरा देश कह रहा- 4 जून को 400 पार: पीएम मोदी



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और कांग्रेस ने 2024 लोकसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार के आखिरी दिन 17 अप्रैल को आक्रामक प्रचार जारी रखा। लोकसभा चुनाव का पहला चरण 19 अप्रैल को होने वाला है और शुक्रवार को मतदान के लिए निर्धारित सभी राज्यों में रैलियों और रोड शो के लिए देश के शीर्ष नेताओं की पूरी सूची है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो चुनावी रैलियां करने का प्रोग्राम है। इसमें से सबसे पहले पीएम मोदी ने असम के नलबाड़ी में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2014 में मोदी आपके बीच एक उम्मीद लेकर आया था। 2019 में मोदी एक विश्वास लेकर आया और 2024 में जब मोदी असम की धरती पर आया है तब मोदी गारंटी लेकर आया है। मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी है। पीएम मोदी ने कहा कि यहां आप सभी का प्यार, उत्साह और भव्य उपस्थिति स्पष्ट रूप से व्यक्त करती है कि 4 जून को क्या होने वाला है! तभी तो लोग कहते हैं, 4 जून, 400 पार! फिर एक बार, मोदी सरकार! आज रामनवमी का ऐतिहासिक अवसर है। 500 वर्षों के इंतजार के बाद भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। अभी कुछ मिनटों के बाद प्रभु राम का सूर्य तिलक करके, उनका जन्मोत्सव अयोध्या की पवित्र नगरी में, राम मंदिर में मनाया जाएगा।

## भाजपा का गाजियाबाद से गाजीपुर तक सफाया होगा : अखिलेश यादव



नइ दिल्ली। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि इस समय बदलाव की हवा चल रही है और उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद से गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) को पीडीए (पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यक) हराएगा। यादव ने कहा, उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है... बदलाव की हवा चल रही है। उन्होंने दावा किया, भाजपा की हर बात झूठी निकली। न किसान की आय दोगुनी हुई, न युवाओं को रोजगार मिला। विकास के वादे भी अधूरे हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, चुनावी बॉण्ड ने इनकी पोल खोल दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। उन्होंने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ('इंडिया') एक नयी उम्मीद है। जिस दिन देश का किसान खुश हो जाएगा, उन्हें सही एमएसपी मिलेगी और उनकी आय बढ़ेगी, उस दिन से गरीबी खत्म होनी शुरू हो जाएगी। यादव ने कहा कि जातिगत जनगणना भी एक जरूरी कदम है, क्योंकि इससे सामाजिक न्याय होगा और लोगों को मान-सम्मान मिलेगा।

## रामनवमी के मौके पर रामलला का हुआ सूर्यतिलक, भव्य मंदिर का नजारा



लखनऊ। देशभर में रामनवमी का त्योहार मनाया जा रहा है। रामनवमी इस वर्ष बेहद खास है, जब अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद रामलला का अभिषेक किया गया है। राम मंदिर में दोपहर के समय बेहद भव्य और दिव्य नजारा देखने को मिला। इस दौरान आस्था और विज्ञान का मिलन देखा गया। आस्था और विज्ञान के संगम के कारण ही रामलला का सूर्याभिषेक हुआ।राम मंदिर में रामलला की भव्य पूजा की गई है। इस दौरान रामलला ने विशेष परिधान भी धारण किए है, जो पीले पीतांबर रंग के है। ये वस्त्र खादी और हैंडलूम से निर्मित है, जिसे वैष्णो संप्रदाय प्रतीकों से तैयार किया गया है। इन वस्त्रों में गोल्ड और सिल्वर धागों का उपयोग हुआ है। रामलला के वस्त्र खास तौर से निर्मित हैं जिनमें मखमली कॉटन उपयोग होता है ताकि ये अंदर से भी सॉफ्ट रहें। रामलला के वस्त्र भी आकर्षण का केंद्र बने हुए है। वहीं रामनवमी के लिए राम मंदिर में रामलला की प्रतिमा को दिव्य आभूषणों से भी सजाया गया है। राम नवमी के मौके पर रामलला का सूर्याभिषेक किया गया है। इस दौरान सूर्य की किरणों से रामलला का सूर्याभिषेक हुआ है। इस दौरान रामलला को 56 भोग लगाए गए है। रामनवमी का मेला भी लगा हुआ है। राम मंदिर में रामलला के दर्शन करने के लिए हर पल में सैंकड़ों भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। बता दें कि सूर्याभिषेक से पहले 51 कलशों से भगवान रामलला का अभिषेक किया गया था। राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने जानकारी दी कि रामनवमी का त्योहार इस वर्ष भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। भगवान राम अब अपने भव्य महल में निवास कर रहे है। रामनवमी के लिए मंदिर को सजाया गया है।

## राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने मिलकर बोला बीजेपी पर हमला, बीजेपी 150 सीटों का आंकड़ा पार नहीं करने जा रही



गाजियाबाद। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार बुधवार को समाप्त होने के साथ, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने जोर देकर कहा कि एनडीए के नेतृत्व वाली भाजपा आगामी चुनावों में 150 सीटों का आंकड़ा पार नहीं करने जा रही है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, 卐मैं सीटों की भविष्यवाणी नहीं करता। 15-20 दिन पहले मैं सोच रहा था कि बीजेपी 180 के आसपास सीटें जीतेगी लेकिन अब मुझे लगता है कि उन्हें 150 सीटें मिलेंगी। हमें हर राज्य से रिपोर्ट मिल रही है कि हम सुधार कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में हमारा बहुत मजबूत गठबंधन है और हम बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे... जब उनसे पूछा गया कि क्या वह लोकसभा चुनाव अमेठी या रायबरेली से लड़ेंगे तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, यह बीजेपी का सवाल है, बहुत अच्छा. मुझे जो भी आदेश मिलेगा, मैं उसका पालन करूंगा. हमारी पार्टी में ये सब (चयन) उम्मीदवार) निर्णय सीईसी द्वारा लिए जाते हैं।इसी सुर में बात करते हुए समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, मैं रामनवमी के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। मुझे खुशी है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी एक साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। आज हम गाजियाबाद में हैं और इस बार भारत गठबंधन गाजियाबाद से लेकर गाज़ीपुर तक बीजेपी का सफाया कर देगा, आज किसान परेशान हैं क्योंकि बीजेपी के सारे वादे झूठे निकले...यादव को कहा %इलेक्टोरल बॉन्ड ने इनका बैंड बजा दिया...बीजेपी सभी भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई...वे न केवल भ्रष्टाचारियों को (अपनी पार्टी में) ले रहे हैं, बल्कि भ्रष्टाचारियों द्वारा कमाया गया पैसा भी अपने पास रख रहे हैं।

## अतुलनीय आनंद में है अयोध्या नगरी: प्रधानमंत्री मोदी ने रामनवमी की शुभकामनाएं दीं



**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं और कहा कि अयोध्या नगरी अतुलनीय आनंद में है क्योंकि वहां राम मंदिर बनने के बाद यह पहली रामनवमी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, "अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली रामनवमी एक मील का पत्थर है जो सदियों की भक्ति को आशा और प्रगति के एक नए युग से जोड़ती है। यह वह दिन है जिसका करोड़ों भारतीयों को इंतजार था। उन्होंने कहा कि यह देशवासियों की वर्षों की मेहनत और बलिदान का फल है। रामनवमी का त्योहार भगवान राम के जन्मोत्सव पर मनाया जाता है और हाल ही में उसी स्थान पर राम मंदिर का निर्माण किया गया है जहां ऐसी मान्यता है कि भगवान राम का जन्म हुआ था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, प्रभु श्री राम का आशीर्वाद हम पर हमेशा बना रहे और हमारे जीवन को ज्ञान और साहस से रोशन करते हुए हमें धर्म और शांति की ओर ले जाए। मोदी ने कहा कि इस पावन अवसर पर "मेरा मन भावविभोर और कृतार्थ है। ये श्रीराम की परम कृपा है कि इसी वर्ष अपने देशवासियों के साथ मैं अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा का साक्षी बना। उस क्षण की स्मृतियां अब भी उसी ऊर्जा से मेरे मन में बसी हैं।" प्रधानमंत्री ने कहा, भगवान राम भारतीयों के रोम-रोम में बसे हैं। रामनवमी उन असंख्य राम भक्तों और संत-महात्माओं को स्मरण और नमन करने का भी दिन है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन राम मंदिर के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया।

## अमेठी को लेकर पार्टी का जो आदेश होगा, वह मानूंगा : राहुल गांधी

लखनऊ। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमेठी संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने की अटकलों के बीच बुधवार को कहा कि यह फैसला पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में होगा और पार्टी का जो भी आदेश होगा, वह उसे मानेंगे। राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से एक बार फिर से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उनके अमेठी से चुनाव लड़ने को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कांग्रेस ने फिलहाल अमेठी और रायबरेली से अपने उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं।

## अयोध्या में लगातार रामलला के दर्शन करने उमड़ रही भक्तों की भीड़, राम मंदिर में पहली बार मनाई गई राम नवमी



अयोध्या। देशभर में जोरशोर से रामनवमी का त्योहार मनाया गया। रामनवमी का त्योहार इस वर्ष काफी खास है क्योंकि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के बाद ये पहला मौका है जब राम नवमी का त्योहार मनाया जा रहा है। इस दौरान भव्य तरीके से राम मंदिर में विशेष पूजा अर्चना हुई। रामलला का सूर्याभिषेक भी किया गया। राम मंदिर में राममला का विशेष श्रृंगार हुआ। राम नवमी के खास मौके के लिए राम मंदिर को भी विशेष रूप से सजाया गया है। बता दें कि राम नवमी के मौके पर राम मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है, जिसके मद्देनजर सुबह 3.30 बजे ही मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोले गए। आज के दिन भक्त रात 11 बजे तक रामलला के दर्शन कर कियें मंदिर में सुबह से ही भक्तों का सैलाब उमड़ा हुआ है। दोपहर 12.16 बजे के शुभ मुहूर्त पर रामलला का भव्य सूर्यतिलक किया गया। राम मंदिर में दर्शन करने के साथ ही भक्त बड़ी संख्या में सरयू नदी में आस्था और श्रद्धा की डूबकी भी लगाई रामनवमी के मौके पर पूरा अयोध्या जय श्रीराम के नारों से गूंज रहा है। वहीं पुलिस ने भी सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए हुए है। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भगवान श्री रामलला के सूर्य तिलक के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी थीं बुधवार को रामनवमी के दिन दोपहर के समय सूर्य की किरणें रामलला के मस्तक पर पडी और दर्पण व लेंस से जुड़े एक विस्तृत तंत्र द्वारा उनका सूर्य तिलक संभव हो सका। इस प्रणाली का परीक्षण वैज्ञानिकों ने मंगलवार को किया। इसे सूर्य तिलक परियोजना का नाम दिया गया है। वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)-सीबीआरआई रुड़की के वैज्ञानिक डॉ एस के पाणिग्रही ने बताया कि सूर्य तिलक परियोजना का मूल उद्देश्य रामनवमी के दिन श्री राम की मूर्ति के मस्तक पर एक तिलक लगाना है। परियोजना के तहत, श्री रामनवमी के दिन दोपहर के समय भगवान राम के मस्तकपर सूर्य की रोशनी लाई गयी।

# पेटीएम से कर्मचारी ने निकाले साढ़े आठ लाख रुपये, मांगने पर की छेड़छाड़



(हापुड़ लोकेशन) संवाददाता मुदिस्सीर अली

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला में परचून की दुकान करने वाले दुकानदार के पेटीएम से उसके ही कर्मचारी ने साढ़े आठ लाख रुपये निकाल लिए। जिसके बाद आरोपी ने इन रुपयों को अपने परिवार के लोगों के खाते में भेज दिए। जब दुकानदार को इस बात की जानकारी हुई तो वह अपनी पत्नी के साथ आरोपी के घर पहुंच गया। जहां पर आरोपियों ने महिला के साथ अभद्रता करते हुए छेड़छाड़ की और उसके कपड़े फाड़ दिए अब पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के एक मोहल्ला निवासी युवक ने बताया कि वह मोहल्ले में ही परचून की दुकान करता है। दुकान पर कोटला मेवतियान का रहने वाला रिहान कर्मचारी था। पेटीएम के माध्यम से आनलाइन पैमेंट प्राप्त करने के लिए उसने रिहान से बातचीत की थी। जिसके बाद उसने बैंक खाते को पेटीएम से अटैच करा दिया था। पेटीएम का कोड भी कर्मचारी को पता था। दुकान पर काम करने के दौरान कर्मचारी ने उसके बैंक खाते से कई बार में 8.50 लाख रुपये निकाल लिए। कुछ दिन पहले ही दुकानदार ने अपनी पुत्री का निकाह पक्का किया था। जिसके बाद वह रुपये निकालने के लिए बैंक गया था। जब उसने बैंक से डिटेल निकलवाई तो पता लगा कि उसके खाते में चंद ही रुपये बचे हुए हैं। जिसके बाद उसे ठगी का पता लग सका पीड़ित ने बताया कि रुपये निकाले जाने की बात पर वह अपनी पत्नी के साथ रिहान के घर पर पहुंच गया। जहां पर रिहान के परिवार के लोगों ने उसकी पत्नी के साथ अभद्रता करते हुए छेड़छाड़ की। जिसमें उसकी पत्नी के कपड़े भी फट गए। किसी प्रकार शोर सुनकर मोहल्ले के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस मामले में अब पीड़ित ने रिहान, अजरा, इस्लाम मेवाती, आबिद उर्फ अब्दी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। एसएचओ सदर नीरज कुमार ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा

# थाना हाफिजपुर पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर अन्तर्राज्यीय हिस्ट्रीशीटर अपराधी को किया गिरफ्तार



(हापुड़ लोकेशन) संवाददाता मुदिस्सीर अली

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र बनाने/बेचने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हाफिजपुर पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर अन्तर्राज्यीय हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे/निशानदेही पर 14 बने-अधबने अवैध तमन्चे, एक अवैध बंदूक, जिन्दा व खोखा कारतूस तथा अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हाफिजपुर पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता मैनपाल उर्फ अतुल पुत्र हरवीर सिंह निवासी ग्राम नान थाना हाफिजपुर जनपद हापुड गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता थाना हाफिजपुर जनपद हापुड उनि0 रवेन्द्र सिंह 0नि0 सत्यवीर सिंह उनि0 इरफान अहमद है0कां0 486 अनुज कुमार है0कां0 830 रवि तेवतिया कां0 223 सुमित कुमार कां0 106 विक्रान्त तोमर

# राजा जी हवेली रेस्टोरेंट में जमकर मारपीट, वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल




(हापुड़ लोकेशन) संवाददाता मुदिस्सीर अली

बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-9 पर स्थित राजा जी हवेली रेस्टोरेंट में सोमवार रात जमकर मारपीट हो गई। जिससे वहां खाना खाने आए लोगों को परेशानी हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के खिलाफ शांतिभंग की धाराओं में कार्रवाई की। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। रेस्टोरेंट में स्टाफ द्वारा की गई मारपीट की शहरभर में चर्चा है जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे-9 पर राजा जी हवेली लग्जरी रेस्टोरेंट और होटल है। यहां पर शाम के समय एक परिवार के लोग खाना खाने के लिए आए थे। गेमिंग जोन में परिवार के लोगों का रेस्टोरेंट के स्टाफ से विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि कुछ ही देर में दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी। मारपीट होता देख वहां बैठे अन्य लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कुछ ही देर में सैकड़ों की संख्या में लोग रेस्टोरेंट से बाहर निकल आए और हंगामा कर दिया। इस मारपीट की वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी हंगामा की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस का कहना है कि परिवार के साथ होटल स्टाफ ने मारपीट की है। जिस कारण विवाद हुआ। फिलहाल इस मामले में चार लोगों के खिलाफ शांतिभंग की धारा में कार्रवाई की गई।

# आग से पांच बीघा फसल जलकर हुई स्वाहा



(हापुड़ लोकेशन) संवाददाता मुदिस्सीर अली

हाफिजपुर थाना क्षेत्र के गांव नवादा में मंगलवार दोपहर हाईटेंशन लाइन से उठी चिंगारी के कारण एक खेत में खड़ी पांच बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। किसी प्रकार पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पीड़ित किसान को उचित मुआवजा देने की मांग की है गांव नवादा निवासी अभिजीत सिंह ने बताया कि उनके खेतों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। मंगलवार दोपहर अचानक से एक बिजली का तार टूटकर खेत में गिर गया। तार से निकली चिंगारी की वजह से खेत में खड़ी गेंहू की फसल ने कुछ ही सेकेंड में आग पकड़ ली। आग लगने के कारण उसकी पांच बीघा फसल जलकर राख हो गई। आग की लपटों और धुंआ उठता देखकर ग्रामीणों ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। सूचना मिलने पर हाफिजपुर थाना पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# बीएसए को निरीक्षण में समय से पहले बंद मिला स्कूल, प्रधानाध्यापक को थमाया नोटिस



(हापुड़ लोकेशन) संवाददाता मुदिस्सीर अली

हापुड़। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रीतू तोमर ने मंगलवार दोपहर को कई स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गांव छतनौरा में स्थित एक स्कूल समय से पहले ही बंद मिला। जिसके बाद उन्होंने स्कूल के प्रधानाध्यापक को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। बीएसए के निरीक्षण से शिक्षकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था बीएसए रीतू तोमर मतनौरा के सरकारी स्कूल में पहुंची। यहां पर शिक्षक संकुल की बैठक में उन्होंने भाग लिया। बैठक के दौरान उन्होंने स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने, बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, मिड-डे-मील की गुणवत्ता बेहतर करने सहित विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किए। इसके बाद वह छतनौरा के पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक विद्यालय में पहुंची। जहां पर डेढ़ बजे ही स्कूल पर ताला लगा हुआ था। इस पर बीएसए ने कड़ी नारागजी जाहिर की और स्कूल के प्रधानाध्यापक को कारण बताओ नोटिस कर दिया।

# थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने थाने के भादवि में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार




हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा थाने के भादवि में वांछित अभियुक्त को ली ग्रान्ड के सामने बदरखा वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता फुरकान पुत्र अरशद निवासी ग्राम बदरखा थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1. उ0नि0 चिंकू सैनी थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड 2. कां0 467 हेमेन्द्र सिंह

# होटल साइट पर रिव्यू देने के बहाने ठग लिए पांच लाख रुपये



(हापुड़ लोकेशन) संवाददाता मुदिस्सीर अली

टेलीग्राम स्कैम बनाकर मोहल्ला तगासराय निवासी एक युवक से करीब पांच लाख रुपये हड़प लिए गए। युवक को आनलाइन काम मिला था। जिस पर उसे होटल साइट पर रिव्यू देना था। जब पीड़ित को आनलाइन पैसे नहीं मिले तो उसे ठगी का पता लगा। पीड़ित ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ देहात थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है मोहल्ला तगासराय निवासी मनु शर्मा ने बताया कि वर्ष 2023 के मई माह में उसके पास टेलीग्राम स्कैम हुआ है। जिस पर साइबर ठगों ने उसे आनलाइन काम करने का बहाना बनाया। जिसके बादद उसे एक साइट दी गई। जिस पर होटल साइट के रिव्यू देने थे। जिसमें ग्रुप टास्क होता है और उसमें उसने करीब पांच लाख रुपये इन्वेस्ट भी कर दिए थे। जब उसने सभी टास्क को पूरा किया तो साइबर ठगों ने उससे कहा कि उसे अभी और टास्क पूरा करना है। जिसके बाद ही उसे रुपये वापस मिलेंगे। जब उसने टास्क पूरा नहीं करने की बात कही तो उसे आनलाइन पैमेंट मिलना भी बंद हो गया। जिसके बाद से वह लगातार अपने रुपये साइबर ठगों से वापस मांग रहा है। लेकिन उसे रुपये वापस नहीं मिल सके है इस मामले में पीड़ित ने साइबर थाने में भी अपनी शिकायत दर्ज कराई। अब पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं में देहात थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। देहात थाना प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है

# युवक की कैंची घोपकर हत्या करने का प्रयास

(हापुड़ लोकेशन) संवाददाता मुदिस्सीर अली




बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव श्यामपुर जट्ट में मजूदरी करने जा रहे एक युवक पर दो लोगों ने जानलेवा हमला करते हुए उस्तरा और कैंची से वार किए। कैंची पेट में लगने की वजह से युवक लहूलुहान हो गया। गंभीर हालत में उसे परिजनों ने एक अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ित की शिकायत पर अब पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

गांव श्यामपुर जट्ट निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि 11 अप्रैल को वह मजदूरी करने के लिए गांव मुक्तेश्वर की तरफ जा रहा था। रास्ते में गांव के ही रहने वाले राजू और पिंटी मिल गए। दोनों ने उसका रास्ता रोक लिया। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उस्तरा और कैंची से उस पर हमला कर दिया। छाती और पेट में कैंची लगने की वजह से गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी प्रकार वह जान बचाकर मुदाफरा पुलिस चौकी में घुस गया। जहां पर अपने साथ हुई घटना की सूचना पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। बाद में परिजनों ने उसे मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी राजू और पिंटी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है

# पैदल गश्त कर स्थानीय लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया तथा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनो की चेकिंग की गयी

हापुड़ संवाददाता मुदिस्सीर अली लोकजन संदेश

अवगत कराना है कि आगामी त्यौहारों को जनपद में सकुशल सम्पन्न कराने, कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हापुड़ अभिषेक वर्मा के निर्देशन में समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल व थाना क्षेत्रों के बाजारों, मुख्य चौराहों/मार्गों, भीड़-भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों आदि पर पैदल गश्त करते हुए स्थानीय लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को भ्रमणशील रहकर लगातार पैट्रोलिंग करते रहने तथा सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपदीय पुलिस द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में स्थित निर्धारित स्थानों, हाइवे, अंतरजनपदीय/अन्तर्राज्यीय बॉर्डर पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है तथा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है

# महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर ऑडियो/वीडियो/पंफलेट के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए किया जागरुक

हापुड़ संवाददाता लोकजन संदेश

अवगत कराना है कि महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद जनपद हापुड़ के समस्त थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले स्कूल/कालेजों, गांवों/कस्बो, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया। अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए ऑडियो/वीडियो/पंफलेट के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया

## कार ने ई रिक्शा को मारी जोरदार टक्कर, दो घायल

जालौन। तेज रफ्तार कार ने ई रिक्म्शा में टक्कर मार दी। हादसे में कार व ई रिक्शा दोनों खंदक में गिरे। कोतवाली पुलिस ने ई रिक्शा में सवार घायलों को सीएचसी पहुंचाया। वहीं, डस्टर चालक मौके से भाग निकला। कोतवाली क्षेत्र में छह पुला के पास एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम सरावन पिवासी पप्पू कुशवाहा की मोपेड खराब थी। जिसे सही कराने के लिए वह ई रिक्शा पर मोपेड को लादकर जालौन ला रहे थे। ई रिक्शा नगर के मोहल्ला रावतान निवासी विवेक कुमार चला रहे थे। जब वह ई रिक्शा से छह पुला के पास पहुंचे। तभी जालौन की ओर से बंगरा मार्ग पर तेज रफ्तार जा रहे कार के चालक ने अनियंत्रित होकर ई रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ई रिक्शा छह पुला के पास खंदक में जाकर पलट गया। उधर, तेज रफ्तार कार का चालक भी कार को नहीं संभाल सका और कार भी खंदक में जा गिरी। हादसे में ई रिक्शा पर सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, कार चालक मौके पर कार को छोड़कर भाग निकला। हादसे की सूचना राहगीरों ने डायल 112 को दी। मौके पर पहुंचे एसआई ओंकार सिंह ने दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालक गंभीर देखकर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## रामनवमी पर निकली विशाल शोभयात्रा, जगह जगह हुआ रामभक्तों का स्वागत



कालपी(जालौन)। गुरुवार को रामनवमी के पावन अवसर पर कालपी नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभयात्रा में हज़ारों की संख्या रामभक्तों ने हिस्सा लिया। शोभायात्रा में डीजे की धुन पर भक्तगण जमकर थिरके व जय श्री राम के जयकारे लगाए। शोभायात्रा में विभिन्न झांकिया व बहरूपये मुख्य आकर्षण का केंद्र रहें। वही नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देवी देवताओं का रुप धारण कर लोगों को आशीर्वाद दिया।

बुधवार को नगर के मोहल्ला टरननगंज स्थित रामजानकी मंदिर में भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया। इसके उपरांत मंदिर के बाहर एकत्रित हुए हज़ारों रामभक्तों ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर शोभायात्रा की शुरुआत की। शोभायात्रा में घोड़े नृत्य कर रहे थे, हाथी बने कलाकारों, बहुरूपियों ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। शोभायात्रा में रथवाहनों पर झांकियां शामिल की गई थीं, जिनमें नन्हे मुन्हे बच्चे देव व दैवीय स्वरूप धारण किये हुए थे। जगह जगह महिलाओं ने उनका पूजन अर्चन किया। हज़ारों की संख्या में मौजूद रामभक्त डीजे में बज रही रामधुन पर नृत्य करते हुए व जय श्री राम के नारे लगाते हुए शोभायात्रा को सुशोभित कर रहे थे। नगर में जगह-जगह तोरण द्वार बनाये गए थे, शोभयात्रा रामजानकी मंदिर से शुरू होकर मुख्य बाजार, खोयामण्डी, बिजलीघर रोड, फूला देवी मंदिर रोड, मैहर रोड से फुलपॉवर चौराहा, हिंदी भवन, बर्फ फैक्ट्री रोड से कोतवाली रोड होते हुए पाहुलाल मंदिर पहुंची, जहां शोभायात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा के स्वागत के लिए जगह-जगह राजनैतिक व गैर राजनैतिक लोगों स्टॉल लगाकर रामभक्तों का स्वागत किया। वही सुरक्षा के दृष्टिकोण से उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल, सीओ डा. देवेंद्र पचौरी, कोतवाल कामता प्रसाद, अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ के अलावा कदौरा, चुर्खी, आटा थानों का फोर्स मुस्तैद रहा, वहीं खूफिया तंत्र भी सक्रिय रहा। वहीं जुलूस में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।

### मारवाड़ियों ने की थी रामजानकी की स्थापना

करीब 150 वर्ष पूर्व ऐतिहासिक नगर में गल्ला का व्यापार व्यापक स्तर पर होता था, तभी राजस्थान व हरियाणा के मारवाड़ी समाज के व्यापारियों ने नगर में अपने-अपने प्रतिष्ठान स्थापित कराये थे। उसी समय व्यापारियों ने धन एकत्रित कर टरननगंज बाजार में भव्य रामजानकी मंदिर की स्थापना कराई थी और जुग्गा बाबा को मंदिर का मुख्य पुजारी घोषित किया था। तभी से रामनवमी पर नगर में भगवान राम की शोभायात्रा निकाली जा रही है।

## पुरवार-पोरवाल समाज द्वारा रामनवमी पर्व पर चने एवं शरबत का वितरण



उरई(जालौन)। पुरवार -पोरवाल समाज शाखा उरई जनपद जालौन द्वारा शहीद भगत सिंह चौराहे उरई में चैत्र की रामनवमी पर्व पर श्रीराम दरबार की झांकी के जुलूस पर पुष्प वर्षा कर तले हुए चने एवं शरबत आम जनमानस को पुरवार एवं पोरवाल समाजसेवियों द्वारा पिलाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रिटायर्ड कैप्टन सुबोध गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष डा. आरके गुप्ता, राष्ट्रीय मंत्री नवजीवन लाल गुप्ता, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिलेश पुरवार, जिला अध्यक्ष आलोक पुरवार, नगर अध्यक्ष डा. आलोक पुरवार, नगर महासचिव राकेश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास गुप्ता, प्रदेश महिला अध्यक्षा श्रीमती तृप्ति पुरवार, प्रदेश महिला उपाध्यक्षा श्रीमती कविता पुरवार, नगर महासचिव महिला श्रीमती सुमन पुरवार, रेखा पुरवार, किरण पुरवार, राष्ट्रीय संरक्षक प्रदीप पुरवार, महेश पुरवार, राहुल पुरवार, रामकिशन पोरवाल, अनिल पोरवाल जितेंद्र पुरवार, प्रदीप गुप्ता अपना प्रेस अखिल परिवार डा. शिवम् पुरवार, लखन पोरवाल आदि समाजसेवी उपस्थित रहे।

## श्रीराम जन्मोत्सव के साथ निकली भव्य शोभायात्रा



उरई(जालौन)। रामनवमी को लेकर सुबह से ही मंदिरों में तैयारियां होने लगीं। रामचरित मानस, हनुमान चालीसा के पाठ आयोजित किए गए। भोर से भक्त मंदिरों में भगवान के दर्शन को पहुंचने लगे। श्रीराम की सुंदर झांकी को देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। ठड़ेश्वरी मंदिर में महंत सिद्धराम दास महाराज ने भगवान का विधिवत श्रंगार किया। लगभग 12 बजे जैसे ही भगवान का जन्म हुआ तो बधाइयां बजने लगीं। भये प्रकट कृपाला दीनदयाला भजन के साथ भक्तों ने भगवान की आरती उतारी। इसके साथ ही अन्य आयोजन किए गए। इसके बाद मंदिर परिसर से विधायक गौरीशंकर वर्मा के नेतृत्व में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। प्रचंड गर्मी होने के बाद भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इसमें सहभागिता की। कई स्थानों पर फूलों से शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। भक्तों के लिए जलपान की व्यवस्था भी कई स्थानों पर की गई थी। कोंच स्टैंड, पीली कोठी, घंटाघर चौराहा, शहीद भगत सिंह चौराहा, आंबेडकर चौराहा, जिला परिषद, जेल रोड होते हुए शोभा यात्रा का समापन मंदिर परिसर में हुआ। इसके अलावा मंशापूर्ण हनुमान मंदिर, संकट मोचन मंदिर, शहीद भगत सिंह चौराहे पर स्थित महावीर मंदिर सहित सभी मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। साथ ही प्रसाद का वितरण किया गया। धार्मिक कार्यक्रमों के चलते शहर का वातावरण राम मय नजर आया। इसके बाद हिंदू संगठनों ने भगवान की जीवंत झांकियां सजाकर नगर में शोभायात्रा निकाली। जगह-जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने भक्तों को जलपान कराया। देर तक कई स्थानों में धार्मिक कार्यक्रम हुए।

## ग्राम पारेन में निर्माणाधीन विद्यालय की तीन सदस्यीय टीम ने की जांच



कुठौंद(जालौन)। विकासखंड कुठौंद के अंतर्गत ग्राम पंचायत पारेन में हो रहे विद्यालय निर्माण का कार्य सुचारू ढंग से कराया जा रहा था। जिसमें कुछ अराजक तत्व लोगों तथा ग्राम प्रधान दिलीप कुमार द्वारा प्रशासन को गुमराह करते हुए कहा गया कि मानक विहीन विद्यालय का हो रहा हैं। जिसके सम्बन्ध में खबर भी प्रकाशित की गयी थी। खबर को संज्ञान में लेते हुए जिला अधिकारी के द्वारा तत्काल प्रभाव से तीन सदस्य टीम को गठित करते हुए जांच करने के लिए आदेश पारित किया था। जिला अधिकारी के आदेश का पालन करते हुए जांच करने आये लोक निर्माण विभाग तृतीय प्रखंड के सहायक अभियंता विवेक कुमार गौर के द्वारा विद्यालय में चल रहे निर्माण कार्य को देखा गया जिसमें सरिया, सीमेंट, ईंटा मानक के अनुरूप निर्माण कार्य पाया गया। जिसके सम्बन्ध में जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित की। इसके उपरांत जांच टीम के लोगों द्वारा मनगढ़ंत कहानी बनाने वाले लोगों से कहा गया की ठेकेदार अपने अनुसार किसी भी समय कोई भी कार्य कराने के लिए सक्षम होता है और स्वतंत्र होता हैं। इसमें किसी को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं होता हैं। किसी पर आरोप प्रत्यारोप लगाने से पहले उसको बड़ी गहनता से मनन करना चाहिए। ठोस पुख्ता सबूत के बाद ही किसी भी प्रकार के आरोप लगाया करें।

## कनेक्शन न होने से नमामि गंगे पेयजल योजना का लाभ नही मिल रहा लोगों को

जालौन। नमांमि गंगे योजना के तहत गांवों में पाइपलाइन के माध्यम से हर घर नल से जल पहुंचाने की योजना है। पाइपलाइन डालने के बाद टंकी की भी निर्माण हो गया है किन्तु कनेक्शन न होने के कारण जलापूर्ति नहीं हो पा रही है।

हर घर में स्वच्छ जल पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा हर घर नल योजना चलायी जा रही है। नमांमि गंगे योजना के तहत गांव गांव में पाइपलाइन डाली जा रही है तथा टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। विकास खंड के ग्राम अकोढ़ी दुबे में गली गली में पाइपलाइन डाली गयी है। पाइपलाइन डालने के साथ ही ग्रामीणों के कनेक्शन भी कर दिये गये हैं। जलापूर्ति के लिए टंकी का निर्माण पूरा हो चुका है। टंकी निर्माण के साथ पाइपलाइन डालने के बाद महीनों बीतने के बाद पाइपलाइन को जोड़ने का काम अधूरा पड़ा है। गर्मी के समय में पानी की मांग बढ़ जाती है। ऐसे महिलाओं को पानी भरने में दिक्कत होती है। अगर पाइपलाइन से जलापूर्ति शुरू हो जाये तो लोगों को सहूलियत मिल जाये। ग्रामीण रामकुमार बाथम, संजीव द्विवेदी, धर्मेंद्र कुशवाहा, दयाशंकर, निखिल बाथम, रिषभ पिपरैया ने जिलाधिकारी से शीघ्र पाइपलाइन चालू कराने की मांग की है।

## नवमी पर देवी मन्दिरों पर चढाये गए मन्नतों के जबारे



कोंच(जालौन)। चैत्र नवरात्रि की नवमी को माता सिद्धिदात्री का स्वरूप माना जाता है। जिनके पूजन अर्चन से भक्तों को अखण्ड शिव भक्ती के मार्ग पर ले जाते हुए दुष्टों का संहार कर भक्तों का कल्याण करती है और धन धान्य सुख समृद्धि से परिपूर्ण करती है। देवी पुराण अनुसार देवाधिदेव महेश्वर ने इन्ही आदि शक्ति की कृपा स्वरूप देवक्त प्राप्त किया था इसी लिए शिव के अर्ध शरीर पर मां आदि शक्ति स्वरूपा उन्हें अर्धनारीश्वर स्वरूप प्रदान करती है। इसी आशा और विश्वास के साथ सनातनी अनुयायियों ने दिन बुधवार को नगर के समीपस्थ स्थित प्राचीन मां सिंह वाहिनी बड़ी माता मंदिर आदि पर मन्नतों के जबारे चढाये गए जिसमें आस्था के साथ माता के स्वरूप का स्मरण करते हुए जबारों का पूजन अर्चन किया गया। इसके उपरांत झांकी निकालकर भजन पूजन करते हुए जबारों को मंदिरों तक ले जाया गया। जहां पर अनुष्ठान के तहत माता को जबारे चढाये गए यह क्रम सुवह से ही देर शाम तक चलता रहा और लगातार दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा वहीं व्यवसायिक दृष्टिकोण से दुकानदार भी मन्दिरों के बाहर अपनी अपनी दुकानें सजाए हुए बैठे जिनमें प्रसाद एवं बच्चों के खिलौने आदि की खूब बिक्री हुई।

## दुर्गा नवमी पर सभी मंदिरों में मुस्तैद रही पुलिस



रामपुरा(जालौन)। रामपुरा थाना क्षेत्र के समस्त मंदिरों पर पुलिस की सख्त ड्यूटी के बीच रामनवमी दुर्गा नवमी का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

रामपुरा थाना क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन बड़े मंदिरों में प्रत्येक पर्व पर बहुत भीड़ जुटती है। इसी क्रम में आज रामनवमी एवं दुर्गा नवमी के अवसर पर प्रसिद्ध देवी मंदिर कर्ण खेरा, पंचनद तीर्थ का बाबा साहब मंदिर व मां काली मंदिर, भैरव मंदिर रामपुरा ,रामजानकी मंदिर रामधाम जायघा, नरसिंह मंदिर रामपुरा, बड़ी माता मंदिर ऊमरी सहित क्षेत्र के अनेक मंदिर पर आज भक्तों की भीड़भाड़ रही, पुलिस अधीक्षक जालौन व क्षेत्राधिकार माधौगढ़ के निर्देशानुसार थानाध्यक्ष रामपुरा अर्जुन सिंह के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के समस्त प्रमुख मंदिरों पर पुलिस की मौजूदगी में कानून व सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। थाना अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह चौकी प्रभारी जगमनपुर, उप निरीक्षक शिवम सिंह सेंगर, आरक्षी आदित्य कुमार ,आरक्षी रोहित कुमार को साथ लेकर मंदिरों पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था को देखा। पुलिस की चौकसी के बीच सभी मंदिरों पर दुर्गा पूजन एवं रामनवमी का पर्व धूमधाम व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## थोक फल व सब्जी मंडी में नियमित सफाई न होने से फैली गंदगी

जालौन। बंगरा मार्ग पर स्थित गल्ला मंडी व थोक फ्ल व सब्जी मंडी में नियमित सफ्फ़ाई नहीं हो रही है। नियमित सफ्फ़ाई न होने के के कारण गंदगी फैली हुई है। नालियां गंदगी भरी पड़ी है तथा छनाई के बाद निकलने वाले खराब अनाज को नहीं हटाया जाता है जिससे बदबू आ रही है और मच्छर पनप रहे हैं। मंडी में फैली गंदगी से व्यापारियों में मंडी प्रशासन के प्रति नाराजगी पनप रही है। कृषि उत्पादन मंडी समिति व थोक फ्ल व सब्जी मंडी की सफ्फ़ाई व्यवस्था का काम ठेकेदार द्वारा कराया जाता है। ठेकेदार द्वारा मंडी की सफ्फ़ाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ठेकेदार की हीलाहवाली के चलते मंडी में गंदगी फैली रहती है। गल्ला मंडी की अधिकांश नालियां गंदगी भरी हुई है। नियमित सफ्फ़ाई न होने के कारण गंदगी फैली हुई। मंडी के पिछले भाग में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। मंडी परिसर में फैली गंदगी के कारण बदबू आ रही है और मच्छर पनप रहे हैं और जानवर घूमते रहते हैं। अन्ना जानवरों के कारण गंदगी और बढ़ जाती है। गंदगी होने के जहां एक ओर दुकानदारों को दिक्कत होती है तो वहीं दूसरी ओर मंडी खरीदारी करने आने वाले ग्राहकों को परेशानी हो रही है। मंडी परिसर में चल रहे सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों के कारण किसानों की भीड़ यहा आ रही है। जिसके चलते परेशानी हो रही है। किसानररामकुमार, अनिल, मनोज आदि ने मंडी में सफ्फ़ाई व्यवस्था दुरूस्त कराने की मांग की है।

## रामलला मन्दिर में बड़े ही धूमधाम से मनाया रामजन्मोत्सव

कोंच(जालौन)। सनातनी ग्रन्थ रामायण के अनुसार मर्यादा परुषोत्तम भगवान राम जगत के पालन हार भगवान विष्णु के सातवें अवतार माने जाते हैं। भगवान श्रीराम का जन्म चैत्र महीने की शुक्ल पक्ष की नवमीं तिथि को हुआ था अयोध्या के राजा दशरथ के तीन रानियां थीं लेकिन उनके सन्तान नहीं थी जिसके कारण राजा बहुत दुखी रहते थे तब सन्तान प्राप्ति के लिए राजा दशरथ ने यज्ञ किया उसके बाद उनकी तीनों रानियां गर्भवती हुयीं और चैत्र नवमीं के दिन भगवान श्रीराम ने रानी कौशल्या के गर्भ से जन्म लिया भगवान राम राजा दशरथ और रानी कौशल्या के ज्येष्ठ पुत्र थे इन्हीं मान्यताओं के चलते दिन बुधवार को मुहल्ला गांधी नगर स्थित प्राचीन रामलला मन्दिर में चैत्र मास की नवमी को राम जन्मोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया जिसमें भोर पहर से ही जनमोत्सव का विधि विधान पूर्वक अनुष्ठान मन्दिर के पुजारियों द्वारा प्रारम्भ कर दिया गया था जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने भी अपनी सहभागिता दिखाई और जैसे ही भगवान राम के प्राकट्य का समय हुआ तो भक्तजनों ने एक स्वर में भय प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी का गायन प्रारम्भ कर दिया इसके उपरांत जय श्रीराम के उदघोष से बाताबरण गुंजायमान हो उठा और भक्ति की ऐसी व्यार वही कि पूरा बातावरण राममय दिखने लगा फिर प्रभु श्रीराम को अनुष्ठान एवं विधि विधान के साथ विराजमान करने के उपरांत आरती उतारी गई और उन्हें भोग लगाया गया। इस दिन के महा प्रसाद को पाने के लिए प्रत्येक सनातनी भक्त का हाथ फैला हुआ दिखा। इस दौरान केशव ववेले कैलाश झा चुन्ना सोनी अरविंद कुमार पवन तिवारी पुजारी खचुन्ने कौशल विवेक दुबे पुष्पेंद्र दुवेदी सुशील सोनी राम कुमार झा बृज किशोर यादव दिनेश सोनी सुभाष सोनी सुशील सोनी राधे सोनी सहित सैकड़ों की संख्या में सनातनी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# जीवन की हर डगर पर खेला ही खेला

हाल में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के कुछ ऐसे नौजवानों से मुलाकात की, जिन्होंने कई सारे गेम्स डेवलप किये हैं। यह देखकर स्मार्ट विश्वविद्यालय ने गेम्स पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त निबंध इस प्रकार है ~गेम्स का हमारी लाइफ में घणा महत्व है। हम लोग दरअसल गेम्स ही कर रहे होते हैं। बॉस कर्मचारियों के साथ गेम्स करता है। कर्मचारी बॉस के साथ गेम्स कर रहे होते हैं। पति पत्नी के साथ गेम्स करता है। पत्नी पति के साथ गेम्स करती है। टीवी पर दिखाये जाने वाले धारावाहिक भी गेम्स ही हैं। गेम्स में पॉलिटिक्स का गहरा महत्व है। गेम्स के लिए जो संस्थाएं बनायी जाती हैं, उनमें टॉप पोजीशन पर नेता ही बैठे होते हैं। यानी पॉलिटिक्स के बगैर कोई गेम पूरा न होता या यूं भी कह सकते हैं कि पॉलिटिक्स से ज्यादा बड़ा गेम कोई है ही नहीं। गेम्स को समझना बहुत जरूरी है। हर दफ्तर में तरह-तरह के गेम्स होते हैं। जो सीधे-सादे बंदे गेम्स नहीं समझ पाते, उनके साथ गेम हो जाता है। बालीवुड में कोई मरता है, तो मुंबइया भाषा में इसे कहते हैं कि उसका गेम बजा दिया गया।गेम्स कई तरह के होते हैं। गेम्स सबसे ज्यादा पॉलिटिक्स में होते हैं। इन दिनों तरह-तरह के गेम्स चल रहे हैं। घर वापसी यह एक गेम का नाम हो सकता है। इस गेम में यह होगा कि नीतीश कुमार जैसा एक कैरेक्टर दौड़ता दिखाई देगा, एक घर से निकल कर दूसरे घर में जायेगा। फिर वहां से लौट कर फिर पुराने घर में आयेगा। गेम यह है कि दो प्लेयर खेलेंगे, दो मिनट का वक्त रहेगा, जिसके गेम में ज्यादा बार घर वापसी हो जायेगी, उसे जीता हुआ माना जायेगा।एक और गेम होगा- खींच के लाओ- इसमें दो प्लेयर खेलेंगे। सामने बहुत भीड़ लगी है, प्लेयर का चैलेंज यह है कि उसे भीड़ में से बंदे खींचकर लाने हैं और उन्हें अपने बॉक्स में डालना है। खींच के लाओ की जगह खींच के मानूंगा भी गेम का नाम हो सकता है। आ जा मेरे बॉक्स में बैठ जा-यह नाम भी हो सकता है गेम का।एक और गेम होगा- निकला कहीं, पहुंचा कहीं। इस गेम में दो प्लेयर होंगे और सड़क पर चलने वाले राहगीरों को ठेलकर दूसरे रास्ते पर ले जाने की कोशिश करेंगे। राहगीर आसानी से दूसरे रास्ते पर जाने को तैयार न होंगे। प्लेयर की कुशलता इसी में होगी कि वो राहगीर को दूसरे ठिकाने पर लेकर जायेंगे। जो प्लेयर जितने ज्यादा प्लेयरों को दूसरे ठिकाने पर ले जायेगा, वह प्लेयर उतना ही ज्यादा कामयाब माना जायेगा।

# निराले स्वाद वाली अंगूर की रेसिपी

फलों में अंगूर की बात ही कुछ और है। इस मौसम में अंगूर खूब आ रहे हैं, इसलिए आप इसकी कई रेसिपी बना सकते हैं। अंगूर फाइबर का एक अच्छा स्रोत है, जो पाचन तंत्र कसे सुचारू बनाने में सहायता करता है और कांस्टिपेशन को रोकने में मददगार है। अंगूर विटामिन सी और के से भी भरपूर होते हैं, जो प्रतिरक्षा कार्य के लिए महत्वपूर्ण हैं और बीमारियों को हमसे दूर रखने में मदद कर सकते हैं।अंगूर में कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे आवश्यक खनिज होते हैं, जो हड्डियों को स्वस्थ बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसे दैनिक आहार में शामिल किया जाना हितकर है। यहां आज आपको अंगूर की तीन रेसिपी बताने जा रहे हैं। इनमें एक है अंगूर और ककड़ी की सब्जी, जिसे राजस्थान के मारवाड़ और मध्य प्रदेश के मालवा में खूब चाव से बनाया व खाया जाता है। वहीं दूसरी है घर-घर की पसंद अंगूर की चटपटी खट्टी-मीठी लौंजीज

अंगूर मखाना की शाही सब्जी

क्या चाहिए ~ एक कप अंगूर, 5-6 साबुत लाल मिर्च, 1/4 कप लहसुन, 1 कप दही, 1/4 चम्मच हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर और दरदरी पीसी सौंफ (तीनों एक-एक छोटा चम्मच) 3 छोटे चम्मच धनिया पाउडर, 1 कप मखाना, 3 चम्मच तेल, 1 चम्मच जीरा, चुटकी भर हींग, 1 प्याज बारीक कटा, 1 बड़ी इलायची, 2 हरी मिर्च लंबी कटी, बारीक कटा हरा धनिया, 2 चम्मच क्रीम।

कैसे बनाएं सबसे पहले साबुत लाल मिर्च और लहसुन का पेस्ट बना लें। दही में हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, जीरा पाउडर, सौंफ पाउडर डाल कर मिक्स कर लें। अब मखानों को कड़ाही में डाल कर भून लें। अलग निकाल लें। उसी कड़ाही में ऑयल, जीरा, हींग, प्याज डाल कर गुलाबी भून लें। इलायची को कूट कर डाल दें। अब दही का मिक्सचर डाल दें। तेल छोड़ने तक पकाएं। लहसुन और लाल मिर्च का पेस्ट डालकर मिक्स कर लें। स्वादानुसार नमक डाल कर 2-3 मिनट तक ढक कर पका लें। अब अंगूर डाल दें और एक मिनट पका लें। हरी मिर्च और मखाने डाल कर मिक्स कर दें। हरा धनिया और गरम मसाला डाल दें। फिर 1/4 कप पानी डालें और हल्का पकाएं। क्रीम डाल कर मिक्स कर दें। आपकी शाही सब्जी तैयार है।

अंगूर की लौंजी

क्या चाहिए कुछ अंगूर, 1 पंचफोरन मसाला (जीरे के बीज, सरसों के बीज, निगेला के बीज, मेथी के बीज और सौंफ के बीज), 2 सूखी लाल मिर्च, 2 हरी मिर्च, नमक स्वादानुसार, लाल मिर्च पाउडर ड्ट चम्मच, आधा कप कद्दूकस किया गुड़।

कैसे बनाएं एक पैन में तेल गर्म करें। साबुत लाल मिर्च और हरी मिर्च डालें। पंचफोरन मसाला भी डालें। फिर एक-दो मिनट के लिए भूनें। अंगूर, नमक और लाल मिर्च पाउडर डालें। अच्छी तरह मिलाएं।

# प्रेम के बगैर नहीं उभरतीं रंगों की छटाएं

## कला की असीम संभावनाएं : हवाई जहाज उड़ने से 400 साल पहले विंची ने बना दिए थे रेखाचित्र



विजय दर्डा

कला के बीज बचपन में ही रोपने की जरूरत ताकि हमारी पीढ़ियां कला संसार का हिस्सा बनें।

मैं जब भी अपने दफ्तर में घुसता हूं तो मशहूर पेंटर सैयद हैदर रजा द्वारा बनाया गया एक रेखाचित्र बार-बार मेरा ध्यान खींचता है। उस पर लिखा वाक्य अनमोल है.. 'बिंदु' अतल शून्य की अनंत संभावनाएं। यह रेखाचित्र रजा साहब की याद तो दिलाता ही है, मेरे भीतर का कलाकार मचल उठता है। कैनवास पर कूची से खेलना और कविता के माध्यम से अभिव्यक्ति मुझे सुकून देता है।

आप सोच रहे होंगे कि अचानक मैं पेंटिंग और कविता की बात क्यों करने लगा? दरअसल आज विश्व कला दिवस है और कला के बगैर जिंदगी की संपूर्णता के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता। विभिन्न स्वरूपों में कला हर व्यक्ति में होती है। कोई अभिव्यक्त कर पाता है और कोई नहीं! गांव में गोबर से मांडना बनाना हो या फिर दिवाली पर रंगोली रचना, ये सब कला का ही स्वरूप है। मैं खुद जब पेंटिंग करने बैठता हूं या कोरे कागज पर कविता लिखने लगता हूं तो रचनाशीलता किस तरह मुखर हो उठती है, मुझे इसका भान भी नहीं रहता! मैंने बहुत से कलाकारों को करीब से जाना है। कविवर सुरेश भट्ट की रचनाओं को पढ़िए तो अचंभित रह जाते हैं। कला हर बंधन से परे है। इसीलिए तो पेंटर मकबूल फिदा हुसैन पांडुरंग की आराधना के रंग में रंगे थे। अदृश्य को दृश्यमान बना देने की अनंत संभावनाएं कला में होती हैं। वैसे ही जैसे शून्य के बायीं ओर अंक का आधार स्थापित होते ही उसका मूल्य बढ़ता चला जाता है। इसीलिए तो रजा साहब ने रेखाचित्र बनाते हुए लिखा...'बिंदु' अतल शून्य की अनंत संभावनाएं। राजा रवि वर्मा ने कल्पना के आधार पर देवी-देवताओं के चित्र बनाए लेकिन आज वो चित्र सर्वमान्य हो चुके हैं।



कला की असीम संभावनाओं को मैंने कोविड के दौर में महसूस भी किया। कोविड की भयावहता ने जब सभी को घर में कैद कर दिया तो मैं कोई अपवाद नहीं था। मैं जानता था कि अकेलापन व्यक्ति को खोखला कर सकता है इसलिए कोविड के उस पूरे दौर में मैंने पेंटिंग और काव्य रचना को अपना साथी बनाया। सामान्य दिनों में भी मैं कितना भी व्यस्त रहूं, पेंटिंग से किसी न किसी रूप में जुड़ा रहता हूं। कोविड शुरू होने से तीन महीने पहले मैंने देश के मशहूर पेंटिंग कलाकारों को ताड़ोबा के मनोरम अभयारण्य में एक सप्ताह के लिए एकत्रित किया था। हम सभी ने वहां प्रकृति के हर रंग को अपनी कूची से अभिव्यक्त किया। इन सबकी याद मैं आपको इसलिए दिला रहा हूं ताकि बता सकूं कि कला का जीवन में कितना महत्व है! और हां, कला का स्वरूप चाहे कुछ भी हो लेकिन उसका सीधा संबंध प्रेम से है। प्रेम के भाव न हों तो रंगों की छटाएं अभिव्यक्त हो ही नहीं सकतीं। कलाकार के लिए मन की शुद्धता, निर्मलता, दूरदृष्टि, ईमानदारी और क्षमा का भाव होना अत्यंत आवश्यक तत्व है। जिस तरह से हम मंदिर जाने के पहले पूजा की तैयारी करते हैं, वैसी ही जरूरत कला की अभिव्यक्ति में भी होती है। कला पूजन है, मेडिटेशन है। कोई कलाकार अपनी पेंटिंग आपको दिखा रहा हो तो उसकी आंखों में देखिएगा, पूजा जैसा भाव दिखाई देगा।

यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि कला की व्यापकता शायद उतनी ही है जितनी इस संपूर्ण ब्रह्मांड की! विज्ञान की तमाम उपलब्धियों के बावजूद हम अपनी सृष्टि को रेत के कण जितना भी नहीं जान पाए हैं। कला के क्षेत्र में भी यही बात कही जा सकती है। यदि हम केवल पेंटिंग की ही बात करें तो दुनिया में इतने सारे कलाकार हैं लेकिन विषय एक होने पर भी किसी की भी पेंटिंग किसी से नहीं मिलती। हर किसी के पास अपना नजारा और अपना नजरिया है। ऐसे भी उदाहरण मौजूद हैं कि कलाकार की किसी पेंटिंग का दृश्य कई सौ वर्षों बाद साकार हुआ है।

कला दिवस जिन लिओनार्दो दा विंची के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है, वे ऐसे ही एक महान कलाकार थे। उन्हें हम सब मोनालिसा की पेंटिंग के लिए जानते हैं जिसकी अलौकिक मुस्कान की कोई आज भी नकल नहीं कर पाया है। पेरिस के लुविरे संग्रहालय में मैंने 500 साल से ज्यादा पुरानी इस पेंटिंग को करीब से देखा है। ये पेंटिंग एक खास तरह के शीशे में रखी गई है जो न चमकती है और ऐसी है कि कभी टूटे नहीं। जब मैं मोनालिसा को देख रहा था तब मुझे लिओनार्दो दा विंची के अन्य काम भी याद आ रहे थे। यह अत्यंत कम लोगों को पता है कि 1903 में पहला प्रायोगिक हवाई जहाज उड़ाने वाले विल्बर और ऑरविल राइट बंधुओं से करीब 400 साल पहले लिओनार्दो दा विंची ने एयरक्राफ्ट का रेखाचित्र बना दिया था। उस समय लोगों की समझ में नहीं आया कि क्या ऐसा संभव है कि इस तरह की कोई मशीन हवा में उड़ सकती है? लेकिन कला के माध्यम से कैनवास पर उकेरा गया वह सपना पूरा हुआ। एक और उदाहरण मैं देना चाहूंगा। लिओनार्दो दा विंची ने 1511 में गर्भ में बच्चे की स्थिति को लेकर एक पेंटिंग बनाई। विज्ञान ने करीब 440 साल बाद गर्भ में जब भ्रूण की स्थिति का पता लगाया तो सब आश्चर्यचकित रह गए कि विंची ने इतने पहले हूबहू पेंटिंग कैसे बना दी? विंची ने सन् 1500 में ऑटोमन साम्राज्य के लिए एक पुल डिजाइन किया जिसे उस वक्त असंभव कह कर नकार दिया गया लेकिन अब विज्ञान वैसे ही पुल बना रहा है। ये है कला की व्यापकता।

आधुनिक दौर में मेरी चिंता यह है कि बच्चों को कला के प्रति जितना हमें प्रोत्साहित करना चाहिए, उतना कर नहीं पा रहे हैं। कम्प्यूटर के अपने लाभ हैं लेकिन नैसर्गिक कला का वह विकल्प नहीं हो सकता। खासतौर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की आहट ने हमें यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि हमारी अगली पीढ़ियां कला को क्या समुचित रूप से जिंदगी का हिस्सा बना पाएंगी? यह चिंता बहुत गहरी है। हमें इस पर विचार करना चाहिए कि हमारे बच्चे कला से कैसे जुड़े रहें। कला के बीज बचपन में ही रोपने की जरूरत होती है। उम्मीद है आप ऐसा जरूर कर रहे होंगे।

**(लेखक विजय दर्डा वरिष्ठ पत्रकार, लोकमत समाचार पत्र समूह के अध्यक्ष व 1998 से 2016 तक राज्य सभा सांसद रहे हैं। vijaydarda@lokmat.com)**

# प्रभावी हो सकते हैं चुनाव पर आर्थिक कारक

क्या यह घड़ी 2004 जैसी है? चौंकाने वाले परिणाम के साथ वह आम चुनाव विशेष रहा न केवल हारने वाले के लिए बल्कि जीतने वाले के लिए भी और राजनीतिक पंडितों पर काफी देर तक इन नतीजों का असर बना रहा कि कैसे मायावी प्रचार की परिणति सत्ता में बदलाव बनकर आई। तथ्य यह है कि कांग्रेस ने जीत के लिए विशेष प्रयास नहीं किए थे लेकिन भाजपा के 'शाइनिंग इंडिया' नारे ने यह हाल करवा दिया। क्योंकि अधिकांश लोगों के लिए 'चमकता भारत' जैसा कुछ नहीं था, लिहाजा किसी नारा-लेखक की कलम से निकली यह चतुराई भरी पंचलाइन उलटी पड़ गयी।

[redacted]

यहां जो बात 2004 के चुनावी परिदृश्य की याद दिला रही है, वह है सेंटर फॉर स्टडी ऑफ डेवेलपिंग सोसायटीज़ (सीएसडीएस) द्वारा करवाया हालिया सर्वे यह एक थिंक टैंक है जिसकी स्थापना तकरीबन 60 साल पहले राजनीतिक विज्ञान के माहिर रजनी कोठारी, डीएल शेठ और आशीष नंदी द्वारा की गई थी। इस सर्वे के परिणाम बीते बृहस्पतिवार को एक राष्ट्रीय दैनिक अखबार में छपे। इसके मुताबिक, मुख्य चुनावी मुद्दा हिंदुत्व न होकर बेरोजगारी और कीमतों में वृद्धि (महंगाई) है (यानी कि यह मुख्य चिंता है, जैसा कि सर्वे ने परिभाषित किया है)।



राम मंदिर और भ्रष्टाचार, दोनों 8 प्रतिशत सहित, मुद्दों की सूची में पांचवें पायदान पर हैं जबकि मुख्य चिंताओं के क्रम में, रोजगार (27), महंगाई (23), विकास (13) और अन्य (9 प्रतिशत) इनसे ऊपर हैं। सर्वे में बेरोजगारी को लेकर संत्रास का स्तर चौंकाता है। सर्वेकर्ताओं का दावा है कि यह अध्ययन 19 सूबों के 100 संसदीय चुनाव क्षेत्रों में 400 मतदान केंद्रों के अंतर्गत 10,019 लोगों से बातचीत पर आधारित है। सर्वे में भाग लेने वालों में लगभग 62 प्रतिशत का कहना है कि नौकरी पाना मुश्किल हो गया है, स्थिति बड़े शहरों में छोटे कस्बों व गांवों के मुकाबले ज्यादा दुरूह है। यह चिंताजनक आंकड़ा है। आम नागरिकों में सबसे बड़ी संख्या रखने वाले वर्ग में रोजगार की उपलब्धतता किसी समाज की प्रगति का वास्तविक पैमाना होता है न कि स्टॉक सूचकांक में हो रही उत्तरोत्तर बढ़ोतरी या फिर भारतीय खरबपतियों की संपत्ति में होता इजाफा। वर्ष 2004 में भले ही सत्ताधारियों के मुताबिक तो भारत चमक रहा था किंतु गरीबों के लिए ऐसा कुछ नहीं था, लिहाजा उन्होंने अपना गुस्सा मतदान से जाहिर कर दिया।

जिस अन्य मुद्दे ने गरीब इंसान पर चोट की है वह है कीमतों का बढ़ना : अध्ययन में भाग लेने वालों में 71 प्रतिशत ने बढ़ती महंगाई की बात की है और गरीब तबके में यह आंकड़ा इससे भी ऊपर है- उनमें 76 प्रतिशत परेशान हैं। इस पर भाजपा को बैठकर ध्यान देना और मनन करना चाहिए। बेरोजगारी और महंगाई, जीवनयापन से परस्पर जुड़े दो ऐसे मुद्दे हैं, जिनकी अहमियत पहचान आधारित राजनीति से कहीं ऊपर है। यदि सबसे बुरी तरह प्रभावित मतदाता परेशान है और बहुत विशाल संख्या में है, तो जनमत-निर्माता और सोशल मीडिया इन्फलुएंसर जो मर्जी कहें, हकीकत में इनका कोई असर नहीं और सर्वे के मुताबिक, सच सिर्फ यही है।

2004 के विपरीत, कदाचित वर्तमान केंद्र सरकार को व्याप्त संत्रास के बारे में जानकारी है। चुनाव पूर्व इसकी तमाम गतिविधियां दर्शाती हैं कि सत्ताधारी दल को सुधारक उपाय करने की जल्दी लगी है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, भाजपा या तो स्थानीय भागीदारों से गठबंधन कर रही है या यह सुनिश्चित करने में लगी है कि चुनाव तीन या चार कोणीय बन जाए ताकि विपक्ष के मत बंट सकें। कम-से-कम ऊधमपुर में गुलाम नबी आज़ाद की पार्टी ने यह सुनिशिचत कर दिया है कि चुनावी मुकाबला बहु-कोणीय हो जाए, उम्मीद है उनका प्रत्याशी गुलाम मोहम्मद सरूरी मुस्लिम वोटें विभक्त करेगा।

पंजाब में भी मुकाबला चार कोणीय बनने से नतीजे मिल-जुले रहने का कयास है, यह स्थिति रिवायती तौर पर दो बड़े दलों के बीच होते आए चुनावी संग्रामों से अलग है। हरियाणा में जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) का भाजपा से आहिस्ता से गठबंधन तोड़कर अलग होने का फायदा सिर्फ सत्ताधारी दल को होगा क्योंकि विपक्ष की जाट वोटें बंट जाएंगी। चौटाला कुनबे की दो पार्टियां चुनावी संग्राम में हैं जेजेपी और भारतीय राष्ट्रीय लोकदल और उम्मीद के मुताबिक दोनों ही जाट वोटों का एक हिस्सा ले पाने में सफल होंगे, जो अन्यथा कांग्रेस के भूपिंदर सिंह हुड्डा की झोली में जातीं।

अब, बीरेंद्र सिंह और उनके पुत्र की कांग्रेस में वापसी होने से, जाटों में पार्टी की साख में बढ़ोतरी हो सकती है। लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाने के पीछे भाजपा की मंशा यही है कि शायद इससे मनोहर लाल खट्टर के राज से मतदाताओं में बनी नाराजगी से पार पाया जा सकेगा। किंतु खट्टर सरकार के नौ वर्षीय शासन में गैर-जाट वोटें लामबंद भी होने लगीं। यह चाल कारगर हो भी सकती है या नहीं भी, किंतु जो सामने दिखाई दे रहा है, वह यह कि भाजपा की चुनावी रणनीति स्थानीय मुद्दों, सत्ता विरोधी रुझान और अन्य सामाजिक कारकों की समझ पर आधारित है। क्या ये उपाय बेरोजगारी द्वारा उत्पन्न संत्रास का तोड़ बन पाएंगे?

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनोमी (सीएमआईई) के अनुसार जनवरी, 2023 में हरियाणा की बेरोजगारी दर (37.4 फीसदी) देशभर में सबसे बदतर रही। बेशक हरियाणा सरकार ने इस पर सवाल उठाए थे, और सीएमआईई के डाटा को अंतिम सत्य की तरह न लेकर महज सूचकांक की तरह लेना चाहिए। हरियाणा के आर्थिक संताप और भाजपा के राजनीतिक टोटकों को देखना रोचक है यानी मुख्यमंत्री बदलने और वोट विभक्त करने वाली रणनीति।

हर वह सूबा जिसका असर सकल परिणामों पर अधिक है बशर्ते मुकाबला दो-ध्रुवीय न हो और कई बार उन राज्यों में भी जहां पर दांव पर लगाने को अधिक नहीं है, भाजपा ने गठबंधन करने, वोट-विभक्त रणनीति, दल-बदल करवाने और सामाजिक शक्तियों को साथ लाने की कला बरती है। मसलन, बिहार में मुख्यमंत्री नीतिश कुमार, उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चौधरी, कर्नाटक में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और महाराष्ट्र में शिव सेना और एनसीपी से छिटके गुटों को साधकर साथ मिलाना। इन राज्यों में कुल मिलाकर 196 संसदीय सीटों के रूप में भारी गिनती दांव पर है और उक्त समस्त उपाय समस्या-निवारण रणनीति के तहत किए हैं। इन 196 सीटों में, भाजपा नीत एनडीए ने 2019 में 170 पर जीत हासिल की थी। लगता है भाजपा ने व्याप्त आर्थिक संताप से उपजी चिंताओं का पूर्वानुमान लगाकर ही इन तमाम राज्यों में चुनावी कलाबाज़ी की है। अब सवाल यह है क्या बेरोजगारी और महंगाई से बनी नाराजगी से भाजपा को इतना करारा झटका मिलेगा जिसकी ताव उपरोक्त पैंतरेबाजी वाले उपाय भी न झेल पाएं? साल 2004 में, मतदाता के आर्थिक कष्ट ने भाजपा को चुपचाप सत्ताच्युत कर दिया था, वह भी कांग्रेस द्वारा जीत के लिए खास जोर लगाए बिना। भाजपा के तत्कालीन बड़े नेता प्रमोद महाजन ने चुनाव के बाद स्वीकार किया था कि गरीबों ने उनकी सरकार गिरा दी।

लेकिन इस बार स्थिति अलग है। सरकार को पता है कि भविष्य उसके लिए क्या हो सकता है। लिहाजा प्रत्येक सूक्ष्म स्तर पर प्रबंधन किया है और प्रधानमंत्री मोदी अपने भाषणों में अपनी सरकार द्वारा गरीबों की मुश्किलें दूर करने के लिए चलाई सामाजिक भलाई योजनाओं का जिक्र करते हैं। क्या यह उपाय कारगर होगा? अभी तक तो, गरीबों का गुस्सा चुप्पी साधे हुए है और असंतोष की सुनामी में बदलने के संकेत हाल-फिलहाल दिखाई नहीं दे रहे।

# महापौर ने हीरा स्वीट्स हाउस का किया शुभारंभ

कानपुर महावत है, जम गुरुज्ञात है, महान चीजें आती हैं। इस अभिव्यक्ति का उदाहरण के शहर कही और महीं है। 1912 में दिल्ली के बाहरी इलाके (शाहदरा) में एके कु, यह आउटलेट अब हमारे देश में सबसे बड़ी मिठाई विनिर्माण सुविधाओं में से एक बस गया है। 1982 में. ही स्वीट्स का हम दूसरा हताश नगर में चालू हुआ। यह आउटलेट विशेष रूप से कैजुअल डाइनिंग सुविधा के साथ स्वादिष्ट पारंपरिक देसी दी की मिठाइयों भीनता है। 2004 में राम बाबू शर्मा द्वारा लक्ष्मी नगर में एक और प्रमुख आउटलेट खोला गया जिस से न केवल पारिवारिक की में समूह की लोकप्रियता भी बढ़ी। राम बाबू शमी समूह ने हीरा स्वीट्स के दो और प्रसिद्ध लैंडमार्क आउटलेट का निर्माण किया। 2012 में कर आउटलेट खोला गया, 2015 में जनकपुरी में, 2016 में एनसीआर में नोएडा और इंदिरापुरम में मेगा आउटलेट लॉन्च किए गए पत्र समूह में आने भारतीय मितवद्धी, फ्यूजन ट्रीट्स से लेकर प्रतिष्ठित लक्जरी हैम्पर्स डाई फूट्स या सिग्नेचर मिठाई उपहार बॉक्स तक सभी उपलब्ध है। नमकीन में माजी डिब्बे, सूखे मेवे, आपके पसंदीदा स्वस्थ और स्वादिष्ट ताजा बेक्ड बिस्कुट व कुकीज, पूरी तरह से ममानेदार मूंग दाल नमकीन, मुजिया मेव और आलू भुजिया, एवं शरबत की श्रृंखला में आपके अब तक के सबसे स्वादिष्ट, सबसे स्वादिष्ट और स्वास्थ्यपद सिरप की विस्तृत स्वाद श्रृंखला शामिल है। पार्टियों एवं उत्सव हम जानते हैं कि आपके अवसर कार्यक्रम को आपके और आपके मेहमानों के लिए कैसे विशेष बनाया जाए। हम आपकी पार्टी से संबंधित सभी आवश्यकताओं का ध्यान रखते हैं, चाहे वह जन्मदिन हो, किटी घाटी हो या कोई कार्यक्रम उत्सत हो। हम बेजोड़ पार्टी अनुभव प्रदान कर सकते हैं।विदिन शर्मा (एक्स एमएलए), छोटे भईया पारस निर्मल तिवारी उपस्थित रहे।

# यूपीएससी की परीक्षा में प्रिंस को मिली 505वीं रैंक



लोक जन संदेश।

विशेश्वरगंज बहराइच, रियाज़ अहमद, ज़की सिद्दीकी। ग्राम पंचायत कंछर के मजरा ईश्वरनाथ पुरवा निवासी सुरेश चंद्र मिश्र का बेटा प्रिंस बाबू मिश्रा ने यूपीएससी की परीक्षा में 505वीं रैंक लाकर गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ग्राम पंचायत कंछर निवासी प्रिंस मिश्रा के पिता सुरेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि प्राथमिक स्तर की पढ़ाई गांव के पड़ोस में स्थित परिषदीय विद्यालय उच्च प्राथमिक विद्यालय नेवलापुर में कक्षा आठ तक पढ़ाई की इसके बाद बस स्टॉप पर स्थित सुरभि विद्या मंदिर में हाई स्कूल तक की शिक्षा ग्रहण किया। इंटर की परीक्षा राम प्रकाश इंटर कालेज सुहेलवा पयागपुर तथा बीटेक बाबू बनारसी दास इंस्टीट्यूट लखनऊ से पूरी की। पिता ने बताया कि बेटे ने दिल्ली में सिविल सेवा की तैयारी करके चौथी बार में परीक्षा पास की। इसका श्रेय माता-पिता व गुरूजनों को दिया जा रहा है। पिता सुरेश चंद मिश्रा ने बच्चे की कड़ी मेहनत व लगन से पढ़ाई के लिए हमेशा कंधे से कंधा मिलाते रहे जिसके परिणाम स्वरूप चौथी बार में यूपीएससी की परीक्षा पास कर लिया। मालूम हो कि प्रिंस के बाबा लाड़िला प्रसाद मिश्र की हालत सामान्य थी। वे टेंट हाउस का कारोबार किया कर रहे थे। सुरेश चंद मिश्रा उन्हीं के साथ टेंट हाउस के कार्य में लगे रहते थे। पिता छोटा-मोटा रोजगार कर घर का खर्च चलाते थे। पारिवारिक स्थिति सामान्य होने के बावजूद परिवार के लोगों ने काफी संघर्ष करते हुए पढ़ाई के प्रति बच्चे का सहयोग करते रहे।

# प्रसव कराने के नाम पर अवैध धन उगाही का आरोप

लोक जन संदेश।

बहराइच आफताब आलम, ज़की सिद्दीकी। विकास खण्ड मिहींपुरवा अंतर्गत गायघाट में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव कराने आने वाली महिलाओं के परिजनों के साथ आर्थिक शोषण करने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। प्रसव के बाद परिजनों से पैसे लिये जाते हैं। इस अवैध वसूली को लेकर कुछ महीने पूर्व ग्राम पंचायत गायघाट के ग्राम प्रधान द्वारा लिखित शिकायत भी किया था कि, प्रसव कराने पर 15 सौ से 2 हजार तक लिया जा रहा है। लेकिन इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कोई कोई कार्यवाही नही की जा रही है।

# नुक्कड़ सभा में बिधायक पयागपुर ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां



लोक जन संदेश।

विशेश्वरगंज/बहराइच, बच्चे भारती, ज़की सिद्दीकी। मिशन 24 को साधने के लिए भाजपा प्रत्येक शक्तिकेंद्र पर जनसभा लगाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी जनता को दे रही है। उसी क्रम में विधानसभा पयागपुर अंतर्गत मंडल धनुही में शक्तिकेंद्रों पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा में मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने लोगों से संवाद किया। मंडल अध्यक्ष धनुही राज कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में शक्ति केंद्र कुरसहा की नुक्कड़ सभा मंडल मंत्री रवि मिश्र एवं शक्तिकेंद प्रभारी प्रदीप शुक्ल के नेतृत्व में सेमरौना, प्रमोद शुक्ल उमेश पाल के नेतृत्व में अमराई एवं आनंद शुक्ल व राम उजागर गोस्वामी के नेतृत्व में खरगौरा जनूब मे नुक्कड़ सभा आयोजित हुई।जहां उपस्थित मुख्यवक्ता श्री त्रिपाठी ने लोगों से संवाद करते हुए राज्य व केंद्र सरकार की मुख्य योजनाओं के बारे में चर्चा की।उन्होंने भाजपा के घोषणा पत्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि घोषणा पत्र में युवा, महिला, गरीब,मजदूर तथा किसानों का लाभ सर्वोपरि रखा गया है।सभा को विधानसभा संयोजक निशंक त्रिपाठी एवं भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ओमकार नाथ पांडेय ने भी संबोधित किया।इसके बाद मुख्यवक्ता ने स्वामी रामानंद इंटर कालेज के पास तथा खरगौरा जनूब में भी नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर बरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता,कृष्ण मोहन शुक्ल, दिहलदास मिश्र,संतोष तिवारी मनोज शुक्ल, दीनानाथ मिश्र,गोकुलानंद मिश्र ननकू प्रसाद पासवान,प्रधान अखिलेश पाण्डेय भानू मिश्र,आज्ञाराम तिवारी, सुरेश पासवान,राम निवास यादव,पुत्ती लाल गोस्वामी,मिज्जन खान,रयीश खां,राकेश शर्मा,युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला,बैजनाथ चौहान,प्रदीप यादव,शीतला प्रसाद मिश्र अकिंत सिंह,पप्पू सिंह,अनिल पासवान,राम ? धीरज लोधी,अभिषेक पटेल व भाजपा बूथ अध्यक्ष सहित भारी संख्या में जनबल उपस्थित रहा।

# जिलाधिकारी ने नामांकन स्थल का लिया जायज़ा सम्पूर्ण परिसर की होगी 16 सीसीटीवी कैमरों से निगहबानी



लोक जन संदेश।

बहराइच, बच्चे भारती, ज़की सिद्दीकी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 लोकतन्त्र के महापर्व के नामांकन प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मोनिका ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों के साथ नामांकन स्थल कलेक्ट्रेट परिसर का भ्रमण कर नामांकन कक्ष तथा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत की गई बैरीकेटिंग कार्य तथा वाहनों एवं भीड़ के नियंत्रण के लिए बैरियर इत्यादि का जायज़ा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 में इस जनपद के 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 18 अप्रैल से 25 अप्रैल 2024 तक नामनिर्देशन-पत्र प्राप्त करने से लेकर अभ्यर्थिता वापस लेने तक की कार्यवाही सम्पन्न करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर बहराइच स्थित कक्ष संख्या-02 न्यायालय कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट बहराइच नियत स्थल होगा। यह जानकारी देते हुए 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर/जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 56-बहराइच (अ.जा.) हेतु नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर के अन्दर एवं बाहर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अधिकारियों की तैनाती की गयी है। नामांकन के समय प्रत्याशी के लिए 03 वाहन अनुमन्य हैं, जो नामांकन कक्ष के 100 मीटर की दूरी तक आ सकेंगे। जबकि नामांकन कक्ष में अधिकतम 05 व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे।

# राजस्वकर्मियों की मिलीभगत से, नगर पालिका भूमि का हुआ बैनामा

लोक जन संदेश।

नानपारा बहराइच, रियाज़ अहमद। नगर पालिका की जमीन का राजस्व विभाग की टीम से मिलीभगत कर कुछ भू-माफियाओं ने बैनामा करवा लिया। जब कब्जे को लेकर कार्यवाई शुरू हुई, तब नगर पालिका अध्यक्ष को पता चला। जिस पर उन्होंने सीएम, प्रमुख सचिव और डीएम को शिकायती पत्र भेजकर जांच की मांग की है। साथ ही शहर की जमीन को बैनामा और चकबंदी में शामिल करने वाले लोगों पर कार्यवाई की मांग की है। नगर पालिका परिषद नानपारा के अध्यक्ष अब्दुल वहीद व अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर सिंह ने नगर पालिका की 31 संपत्तियों का हवाला देते हुए राजस्व विभाग में जेड ए दर्शाकर कथित भू-माफियाओं ने साजिश के तहत कई व्यक्तियों के नाम हस्तानांतरित करवा लिया। पालिका की संपत्ति को हड़पने की जांच कराने एवं संपत्ति को पूर्व राजस्व आकार पत्र 41 के अनुसार नान जेड ए दर्ज कराने के संबंध में कार्यवाई करने के लिए अध्यक्ष बोर्ड ऑफ रेवेन्यू राजस्व परिषद सहित प्रमुख सचिव नगर विकास व जनपद के अधिकारियों को पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने उल्लेख करते हुए कहा है कि नगर पालिका परिषद नानपारा की सीमा के अंदर गाटा संख्या 4237 क रकबा 1.340 एकड़ आकार पत्र 41 में नाम जेड ए नाला अंकित है। जो नाला संपूर्ण शहर व उसके संलग्नक अन्य क्षेत्रों का पानी नगर पालिका स्थापना से कायम है। इस नाला को आकार पत्र 45 में सोची समझी साजिश एवं राजस्व विभाग तहसील तहसील नानपारा को त्रुटि पूर्ण कार्यशैली के कारण किशन लाल पुत्र रामनारायण निवासी जुबलीगंज नानपारा के आकार पत्र 45 में खाता संख्या 242 पर उक्त नान जेड ए नाला का नंबर 4237 क रकबा 1.340 एकड़ का अंकन कर दिया गया है। जबकि नगर पालिका के अभिलेख खसरा व खतौनी सर्वे सन 1964 65 में खसरा संख्या 4810 साबिक नंबर 8068 रकबा 71 डिसमिल नाला तथा उसी के बगल पूरब खसरा संख्या 4811 साबिक नंबर 8068 रब्बा 53 डिसमिल रास्ता के रूप में अंकित है। जो नगर पालिका संपत्ति को क्षति पहुंचाने की भू माफियाओं की सोची समझी साजिश है। उक्त अंकन का लाभ उठाकर किशन लाल के वारीसान पंजीकृत दस्तावेज के आधार पर नामांतरण प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी है। ऐसी स्थिति में नगर पालिका की सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जा होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र की नान.जेड.ए. की अन्य संपत्तियां जो लगभग 31 है जिसमे अलग-अलग नंबरों पर मजरूआ, बंजर पिछवाड़ा क्लब, क्लब घर, बंजर, तालाब तथा बालक क्रीड़ा स्थल सहित नाला, रास्ता व तालाब, कुआं, आदि के रूप में संपत्तियों नगर पालिका के अभिलेखों में दर्ज हैं। जिसकी सूची अभी तक राजस्व अभिलेखों में नान जेड ए अंकित कराने की कार्रवाई करने का निर्देश करें। नगर पालिका नानपारा के अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर सिंह तथा नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल वहीद ने प्रमुख सचिव नगर विकास उत्तर प्रदेश शासन तथा जिलाधिकारी, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय व उप जिलाधिकारी नानपारा को भी पत्र भेजकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। नगर पालिका की जमीनों पर अवैध कब्जा होने से नगरीय क्षेत्र में आने वाली सरकारी योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिससे नगर का विकास बाधित हो रहा है। जेड ए दिखाकर जमीन का कराया बैनामा नगर पालिका की ओर से बताया कि नगर पालिका नानपारा 1901 में स्थापित हुई है। उस समय नगर पालिका की जो भूमि संपत्ति अभिलेखों में अंकित थी। उसका खसरा, खतौनी तथा नक्शा भी नगर पालिका में उपलब्ध है। लेकिन राजस्व विभाग की मिलीभगत से शहरी क्षेत्र की जमीनों को चकबंदी के दौरान तहसील के अभिलेखों में दर्ज कर लिया गया। इसका भू-माफियाओं ने फायदा उठाकर नान जेड ए की जमीन नगर पालिका नानपारा की संपत्ति है। उसे जेड ए दिखाकर कथा कथित रूप से बैनामा कर कब्जा कर रहे हैं।

# बदलते मौसम के साथ बढ़ने लगे डायरिया के मरीज



लोक जन संदेश।

बहराइच, ज़की सिद्दीकी, ब्यूरो। डायरिया यानि दस्त रोग पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण है। ऐसे तो यह किसी भी मौसम में हो सकता है लेकिन गर्मी और बरसात में इसकी संख्या बढ़ जाती है। जिला अस्पताल के चिल्ड्रेन वार्ड में भर्ती नए 31 बच्चों में 25 बच्चे डायरिया से पीड़ित हैं । बाल रोग विशेषज्ञ डॉ एसके त्रिपाठी के अनुसार डायरिया दूषित भोजन व पानी के सेवन से होने वाला आंत में संक्रमण का एक लक्षण है, जो विभिन्न प्रकार के जीवाणु, वायरल और परजीवी जीवों के कारण होता है। समय रहते इसकी रोकथाम न की जाय तो यह जानलेवा हो सकता है।

दस्त रोग के कारण –

डॉ त्रिपाठी ने बताया ज्यादातर मामलों में दस्त रोग दूषित पेयजल के उपयोग से होता है। ऐसे नल , हैंडपंप, तालाब या अन्य पानी के स्रोत जो खुले में शौच या दूसरी गंदगी की वजह से प्रदूषित हो गए हों उनका उपयोग हाथ धोने, नहाने, पीने या खाना बनाने से दस्त होने की पूरी संभावना रहती है। इसके अलावा आस-पास गंदा वातावरण या खुले में शौच पर बैठी मक्खियों के माध्यम से दूषित भोजन व पानी के उपयोग व शौच के बाद बच्चे का मल साफ करने के बाद हाथों को अच्छी तरह साबुन पानी से न धोने पर भी दस्त रोग हो सकता है। प्रभारी सीएमओ डॉ राजेश कुमार ने बताया डायरिया पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण है। बीमारी की शुरुआत में छह माह से अधिक उम्र के बच्चों को जिंक व ओआरएस घोल के साथ घर पर मौजूद तरल पदार्थ जैसे छाछ , नीबू पानी , दाल या सब्जी का सूप, ताजे फलों का रस , सादा स्वच्छ पानी पिलाना चाहिए। इस दौरान बच्चे को स्तनपान ज्यादा बार कराना चाहिए। उन्होंने बताया दस्त होने पर किसी प्रकार की भ्रांतियाँ न पालें बल्कि स्वस्थ और स्वच्छता के व्यवहार को अपनाकर दस्त का उपचार करना चाहिए।

दस्त रोग से जुड़ी भ्रांतियाँ–

> बच्चे को नज़र लगना
> बच्चे की नाल खिसक जाना
> बच्चे के दाँत निकलते समय
> गर्मी से आकार बच्चे को स्तनपान कराने से
> माता द्वारा बदपरहेजी करने से

छोटे बच्चों का रखे विशेष ख्याल –

> छह माह तक की आयु के बच्चों को सिर्फ माँ का दूध दें, हे ऊपर से पानी भी नहीं
> बोतल निपुल से ऊपरी दूध न पिलाएँ
> छह माह से अधिक आयु के बच्चों को कटोरी चम्मच से ऊपरी आहार दें।

ओआरएस घोल से करें उपचार

> बीमारी की शुरुआत में छह माह से छोटे शिशु को ओआरएस घोल के साथ सिर्फ स्तनपान कराते रहें
> छह माह से अधिक उम्र के बच्चे को ओआरएस घोल के साथ 14 दिन तक ज़िंक की गोली दें
> ज़िंक और ओआरएस नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, आशा या एएनएम के पास उपलब्ध है।

इन लक्षणों में तुरंत अस्पताल ले जाएँ –

> एक घंटे में दो या तीन बार दस्त होना
> बच्चा सुस्त या बेहोश हो
> बुखार हो
> बच्चा कुछ भी पीने या स्तनपान करने में असमर्थ हो
>मल में खून आता हो
> बहुत अधिक प्यास लगना

# जयकारों के बीच निकाली गयी रथयात्रा, लेटकर मन्दिर पहुँचे भक्त

लोक जन संदेश।

नानपारा बहराइच, रियाज़ अहमद, ज़की सिद्दीकी। शहर के कालीकुंडा मंदिर में मंगलवार को नवरात्र अष्टमी पर्व पर देर रात्रि माता काली सहित देवी देवताओं की रथ यात्रा निकली गयी। मंदिर परिक्रमा के साथ ही एक दिवसीय मेला भी बुधवार को लगा। महिला एवं पुरुषों ने जय काली के जयकारे लगाये और जमीन पर पुरुष भक्तों ने वर्षो पुरानी परंपरा को निभाते हुए लेट कर मन्दिर तक रगड़ते हुए परिक्रमा की भक्तगण लगभग 5 सौ मीटर पहले से ही लेट कर परिक्रमा करते हुए मंदिर पहुँचें। हजारों लोग देवीरथ यात्रा के साक्षी बने और मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। रथ यात्रा काली कुंडा मंदिर पहुँची जहाँ पर आरती पूजन कर भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह गांव शहर के मंदिरों में पंडितों ने धार्मिक अनुष्ठान के साथ पूजा अर्चना संपन्न कराई शाम चार बजे से अनेको गांव के सार्वजनिक स्थानो से देवी रथ यात्रा निकाली। रात के 01 बजे तक रथ यात्रा मंदिर पहुँचने का समय निश्चित था। भक्तों ने जयकारे लगाकर लोगों के दुखों का निवारण किया। लेट कर चल रहे परिक्रमा करने वाले भक्तों के अनेको भक्त सेवा करते नजर आये कोई कपड़ो व गत्तों से हवा करता रहा तो कोई पानी पिलाता नजर आया। इस दौरान मंदिर के व्यवस्थापको सहित पुलिस की भी सक्रियता सराहनीय रही।

# पांच अभियुक्तों पर निरोधात्मक कार्यवाही



बांदा-शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना बदौसा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 5 अभियुक्तों नरेंद्र कुमार पुत्र राजकरन निवासी ग्राम तुर्रा थाना बदौसा, घनश्याम निषाद पुत्र बाला प्रसाद निवासी केवटन पुरवा अंश दुबरिया थाना बदौसा, राहुल निषाद पुत्र पप्पू निषाद निवासी केवटन पुरवा अंश दुबरिया थाना बदौसा, मोहम्मद शकील पुत्र मोहम्मद इब्राहिम निवासी बगीचा पुरवा अंश दुबरिया, शान मोहम्मद पुत्र मोहम्मद शफीक निवासी हरदौली थाना बबेरू को निरोधात्मक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# आठ बीघा की फसल जली किसान हताश



बांदा-जसपुरा के कुम्हारिया डेरा हार में अचानक शार्ट सर्किट से खेत कि फसल जलकर नष्ट हो गई। रविकांत, हरिकांत, उमाकांत, शशिकांत पुत्रगण रामसनेही अवस्थी के कुम्हारियाडेरा हार में लगभग 8 बीघा कि गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। रविकांत अवस्थी ने बताया कि 8 बीघा में गेहूं की पकी हुई फसल खड़ी थी। कुछ कटी रखी थी। बिजली के तार खेत के ऊपर से निकल गये हैं। उनसे निकली चिंगारी से ही आग लगी है। आगजनी की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजावत अपने हमराहियों सहित मौके पर पहुंच कर दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल की गाड़ी व ग्रामीणों ने खेत पर लगी आग को बुझाया।

## ढाई किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

बांदा-लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध मादक पदार्थो की बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गिरवां पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों से अवैध सूखे गांजे की तस्करी करने वाले 2 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। मुखबिर की सूचना पर 2 शातिर अभियुक्त पप्पू उर्फ राजेंद्र कोरी को 1300 ग्राम अवैध सूखे गांजे के साथ थाना गिरवां क्षेत्र के दशरथ महाविद्यालय बंडे रोड से तथा जितेंद्र सोनी पुत्र उमाशंकर सोनी को 1200 ग्राम अवैध सूखा गांजा के साथ देशी शराब ठेका बरईमान पुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त जितेंद्र सोनी पर कुल 7 मामलें तथा अभियुक्त पप्पू उर्फ राजेन्द्र कोरी पर कुल 3 मामलें पहले से ही दर्ज है ।

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों के लिए 19 अप्रैल को अंतिम अवसर

### निर्वाचन कार्यो में सहयोग न देने वाले कार्मिकों के विरुद्ध होगी एफआईआर

लोकजन संदेश

कानपुर देहात दिनांक 17 अप्रैल को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 का 18 अप्रैल को दूसरे दिन का प्रशिक्षण अकबरपुर डिग्री कॉलेज अकबरपुर में प्रातः 9 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें तीन पाली में प्रशिक्षण दिया जाएगा प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वालों के विरुद्ध निर्वाचन में सुसंगत धाराओं में आर0पी0 एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी साथ ही जो कर्मचारी पहले दिन अनुपस्थित रहे हैं उनको एक मौका देते हुए 19 अप्रैल को दोबारा बुलाया गया है इसके पश्चात नियमानुसार उनके विरुद्ध एफआईआर कराई जाएगी मुख्य विकास अधिकारी कानपुर देहात ने निर्देश दिया कि जो कार्मिक निर्वाचन कार्यो में प्रशिक्षण में भाग नहीं ले रहे हैं असहयोग कर रहे हैं उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। सभी कार्यालय अध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि समय से प्रशिक्षण स्थल पर सभी कर्मचारी को पहुंचने हेतु आवश्यक निर्देश निर्गत करें जिससे लोकसभा सामान्य निर्वाचन का प्रशिक्षण गुणवत्ता पूर्वक कराया जा सके।

# फरहीन जहीद को आइएएस में मिली 241वीं रैंक



बांदा- जिले की होनहार बेटी फरहीन जाहिद डिप्टी कलेक्टर रहते हुए आईएएस परीक्षा पास कर ली। उन्होंने वर्ष 2016 में बीटेक किया था। शहर के छावनी मोहल्ला निवासी और सेवानिवृत्त सहायक कोषाधिकारी हाजी जाहिद की डिप्टी कलेक्टर पुत्री फरहीन जहीद का आईएएस में चयन हो गया है। उनकी 241वीं रैंक आई है। उन्होंने पीसीएस की ट्रेनिंग के बीच ही आईएएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद का मान बढ़ाया है। शहर के मोहल्ला छावनी निवासी व अवकाश प्राप्त सहायक कोषाधिकारी जाहिद अली की छह संतानों में सबसे छोटी पुत्री फरहीन जाहिद ने आईएएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर न केवल अपने परिवार, बल्कि जनपद का नाम रोशन किया है। फरहीन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के बाद केसीएनआईटी से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन ब्रांच से बीटेक की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद फरहीन दिल्ली चली गई। वहां उन्होंने रेजीडेंसियल कोचिंग एकेडमी जामिया दिल्ली में 2017 में प्रवेश लिया। अपनी पढ़ाई को जारी रखते हुए वर्ष 2022-23 में पांचवें प्रयास में पीसीएस परीक्षा पास करते हुए 14वां स्थान हासिल कर डिप्टी कलेक्टर बनीं। वह पीसीएस की ट्रेनिंग करते हुए आईएएस बनने का सपना संजोए अपनी मंजिल की ओर बढ़ती रहीं। इसी बीच आईएएस का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ तो उन्होंने 241वीं रैंक पाकर सफलता अर्जित कर अपनी मेधा का न केवल लोहा मनवाया, बल्कि सफलता के साथ अपने परिवार, गुरूजनों का भी मान बढ़ा दिया। फरहीन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों व माता-पिता को दिया है।

# हर्षोउल्लास के साथ निकला रामनवमी का जुलूस



बांदा-जनपद में हर्षोउल्लास के साथ रामनवमी का त्यौहार मनाया जा रहा है। पूरे शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है। भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकालने को सुबह से ही मंदिरों में लोग जमा होने लगे। वहां पूजा अर्चना कर जय श्री राम के नारे लगाते हुए भक्तों ने शहर के प्रमुख मार्गो में जुलूस निकाला। झाकियों में डीजे की धुन पर भक्त नाचते गाते और हाथ में भगवा झंडा लेकर गगनभेदी नारे लगाते हुए आगे बढ़े। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस जगह-जगह तैनात रही। शहर के बाबूलाल चौराहा के पास विशाल पांडाल लगाया गया। वहां पर श्रद्धालुओं को शर्बत वितरित कर झांकियों को सम्मानित किया गया।

# योग के साथ मतदान को किया प्रेरित



बांदा-स्वीप योजना के तहत लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कराने को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। शहर के स्पोर्टस स्टेडियम में सुबह टहलने व स्वास्थ्य वर्धन को जाने वाले लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। तहसीलदार राधेश्याम सिंह ने तहसील कर्मियों के साथ पहुंचकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सभी से मतदान की अपील की। कहा कि ईवीएम के माध्यम से मतदान होना है। यह विधि सुरक्षित व त्वरित परिणाम देने वाली है। हम सभी का दायित्व है कि निर्धारित तिथि पर मतदान अवश्य करें। जिम्मेदारी से मतदान करने पर योग्य उम्मीदवार चयनित होते हैं जो विधायिका को मजबूत करने व नियम-कानून बनाने में अपनी सहभागिता करते हैं। क्षेत्र के विकास पर ध्यान देते हैं। इस दौरान लेखपाल, बीएलओ व प्रबुद्धगण मौजूद रहे।

# जयकारों के साथ हुआ मां सिद्धिदात्री का पूजन दुर्गा शप्तशती के पावन मंत्रों के साथ संपन्न कराए गए हवन

### -कन्याओं का पूजन कर दिए उपहार, भोज कराने के बाद तोड़े व्रत

मोहन कुमार ब्यूरो
लोक जन संदेश



कानपुर देहात चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन बुधवार को देवी मंदिरों में मां सिद्धिदात्री का पूजन कर श्रद्धालुओं ने सुख समृद्धि रोग शोक कष्ट से निजात के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर माता के जयकारे गूंजते रहे।वहीं अंतिम दिन दुर्गा सप्तशती के पावन मंत्रों के साथ घरों व मंदिरों में हवन कराए गए। जबकि महिलाओं ने देवी रूपी कन्याओं का पूजन कर उनको उपहार देने के साथ भोजन कराकर अपने व्रत तोड़े। नवरात्र के अंतिम दिन आदिशक्ति के नवें स्वरूप माता सिद्धिदात्री के पूजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह रहा। सुबह से ही मंदिरों में जत्थों में महिलाओं का पहुचना शुरू हो गया था। मुंडेरा किन्नर सिंह गांव में रामेश्वर धाम मंदिर में माता सिद्धिदात्री का पूजन हवन व दुर्गा सप्तशती के पाठ के साथ सैकड़ो श्रद्धालुओं ने ध्वजा चढ़ाये, सुनीता,रीता राधा सोनम शीतल काजल आदि ने कन्याओं को भोज ग्रहण करा कर दान आदि देकर अपने व्रत तोड़े। अकबरपुर के कालिका देवी मंदिर,ज्योति गांव के मां बगलामुखी मंदिर, कथरी गांव के पौराणिक कात्यायनी देवी मंदिर,मूसानगर के पौराणिक मुक्तेश्वरी मंदिर व लम्हरा रूरा के ऐतिहासिक परहुल देवी मंदिर तथा लाला भगत रसूलाबाद के कौमारी देवी मंदिर सहित प्रमुख मंदिरों में मां सिद्धिदात्री का जयकारों के साथ पूजन हुआ। इस दौरान लोगों ने मनौतियां मानने के साथ मान्यता पूरी होने पर ध्वज व घंटे भी चढ़ाए। इसी तरह रूरा के दुर्गा मंदिर,पाथामाई मंदिर, सरगांव बुजुर्ग के कालिका देवी मंदिर, शिवली के मानशिला मंदिर, मैथा के सम्मोहनी देवी मंदिर, शोभन के कामाख्या देवी मंदिर, केशरी निवादा के गगनीमाता मंदिर में भी जयकारों के साथ पूजन हुआ। राजपुर के शारदा देवी मंदिर, शीतला माता मंदिर,पलिया डेरापुर के कालिका देवी मंदिर, पुखरायां के मौहर देवी मंदिर, मां सिद्धेश्वरी मंदिर सहित क्षेत्र के मंदिरों में भी पूजन को श्रद्धालुओं की भीड़ रही। दुर्गा सप्तशती के पावन मंत्रों के साथ हवन के बाद श्रद्धालुओं ने कन्या भोज कराए। घरों में महिलाओं ने कन्या पूजन कर उपहार भेंट किए। इसके बाद दक्षिणा देकर विदा करने के बाद अपने व्रत तोड़े।

# धूमधाम से मना श्रीराम का जन्मोत्सव, गूंजे जयकारे



मोहन कुमार ब्यूरो
लोक जन संदेश

कानपुर देहात जनपद में श्रीराम के जन्म का उल्लास बुधवार को जिले में दिखाई दिया। दोपहर में बारह बजते ही मंदिरों वा घरों में घंटे व घड़ियाल बजाकर भगवान का पूजन अर्चन हुआ।इसके साथ ही भजन कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना। अकबरपुर में जिला अस्पताल के पास स्थित श्री राम-जानकी,लक्ष्मण मंदिर में बुधवार दोपहर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर घंटे घड़ियाल के साथ राघवेंद्र सरकार का पूजन हुआ। इसके बाद आरती संपन्न होते ही श्री राम के जयकारे गूंज उठे। इसके पश्चात यहां प्रसाद वितरण कराया गया। जबकि भजन कीर्तन का भी सिलसिला भी चला।इसी तरह अकबरपुर के सनातन धर्म मंदिर अकबरपुर व श्रीराम जानकी मंदिर गौरियापुर में भी श्रीराम का जन्मुत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। जबकि हनुमान गढी आश्रम कड़री में हवन पूजन के साथ भगवान श्री राम का जन्मोत्सव संपन्न हुआ। इस मौके पर भगवतेश्वर महादेव व हनुमानजी के पूजन के बाद यहां आए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कराया गया।शोभन आश्रम,साकेत धाम मंदिर शिवली सहित जिले के आश्रमों व घरों में भी दोपहर बजते ही घंटे घडियाल बजने के साथ भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी की चौपाइयां गूंज उठीं।इसके अलावा रूरा के राम जानकी मंदिर,पुखरायां के राम जानकी मंदिर व अमरौधा के रामजानकी मंदिर में भजन पूजन के साथ आरती में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# संदिग्ध अवस्था मे मिला युवक का शव, भाई का कहना हुयी हत्या

लोक जन संदेश।

पयागपुर बहराइच, अलताफ सिद्दीकी, ज़की सिद्दीकी। पयागपुर थाना के राजापुर कला गांव निवासी एक युवक बाइक से बहन के यहां आयोजित तिलक समारोह में शामिल होने के लिए गया था। बाइक से वापस जाते समय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, उसका शव सड़क के किनारे पड़ा मिला। पुलिस की सूचना पर परिवार के लोग पहुंचे। भाई ने गले पर निशान होने पर हत्या की आशंका जताई है। राजापुर गला गांव निवासी जमुना प्रसाद चौहान (29) पुत्र उदय राज चौहान की बहन अनीता चौहान की ससुराल कोतवाली देहात के मोहरना गांव में है। बहन के चचेरे देवर का तिलक समारोह मंगलवार को था। जिस पर यमुना प्रसाद अपनी मां के साथ बहन की ससुराल बाइक से गया। मां को बहन की ससुराल छोड़ने के बाद यमुना प्रसाद बाइक से रात 12 बजे के आसपास अपने घर के लिए रवाना हुआ। पयागपुर थाना क्षेत्र के गोंडा बहराइच मार्ग पर खुटेहना स्थित अशोक स्मारक महाविद्यालय के सामने युवक का शव मिला। पयागपुर पुलिस शव लेकर जिला अस्पताल पहुंची तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस पर पयागपुर पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल और अन्य कागजात से यमुना की पहचान की। परिवार के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। मृतक के चचेरे भाई यज्ञाराम चौहान ने बताया कि मृतक के गले पर दबाव के निशान हैं। ऐसे में उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। उसने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हत्या का केस दर्ज करने की मांग की है।

# सपा व्यापार सभा बाजारों में चलाएगी अभियान

कानपुर।आज माल रोड में आयोजित बैठक में समाजवादी व्यापार सभा ने कानपुर की सभी बाजारों में अभियान चलाकर सपा सरकार में व्यापारियों के लिए किए गए कार्यों को बताने और व्यापारियों से ज्यादा से ज्यादा मतदान इंडिया गठबंधन के पक्ष में करने की अपील करने का निर्णय लिया।साथ ही व्यापारियों के बीच शत प्रतिशत मतदान की अपील भी की जाएगी।समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष/प्रवक्ता अभिमन्यु गुप्ता ने बताया की सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर व्यापारियों के लिए किए गए कार्य और व्यापारियों से अपील की पुस्तक तैयार की गई है और प्रदेश के हर लोकसभा के बाजार में इस पुस्तक का वितरण किया जाएगा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जितवाने की अपील की जाएगी।इस ही कड़ी में कानपुर में भी इसका वितरण किया जाएगा।अभिमन्यु गुप्ता ने बताया की सपा व्यापार सभा बाजारों में दुकानदारों,रेहड़ी और पटरी वालों के बीच पुस्तक वितरण कर के अभियान चलाकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के लिए वोट मांगेगी।अभिमन्यु गुप्ता ने बताया की व्यापारियों के बीच नेता मुलायम सिंह यादव जी और अखिलेश यादव जी की सरकार में व्यापारियों के लिए किए गए कार्यों को बताया जाएगा।अभिमन्यु ने बताया की नेताजी ने अपने कार्यकाल में व्यापारियों के लिए चुंगी प्रथा और आवश्यक वस्तु कानून की धारा 3/7 खत्म करके वे व्यापारियों के मसीहा बन गए थे।पहली बार खुल के प्रदेश के मध्यम वर्गीय और छोटे व्यापारियों को किसी ने ऐसी राहत देने का काम किया था।अखिलेश की सरकार में हर सेक्टर में विकास हुआ।पुस्तक में व्यापारियों से अपील की गई है की समाजवादी पार्टी ने ही व्यापारियों के हित में कार्य किया हैं और व्यापारियों की हर समस्या को केवल समाजवाड़ी पार्टी ने ही उठाया है।अपील में भाजपा के व्यापारी विरोधी चेहरे को उजागर किया जाएगा।सपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रवक्ता अभिमन्यु गुप्ता,प्रदेश सचिव विवेक श्रीवास्तव दीपू,ऋषि राज अग्रवाल,विनय कुमार,साकिफ कुरैशी,काले खान,सरफराज अहमद आदि थे।

## चौथा चरण लोकसभा 2024 कल से शुरू होंगे नामांकन

लोक जन संदेश।

बहराइच ब्यूरो। 56 बहराइच लोकसभा सीट के लिए कल से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया। कलेक्ट्रेट परिसर में तैयारियां हुई पूरी।

18 अप्रैल 2024 से नामांकन

25 अप्रैल 2024 - नामांकन की अंतिम तिथि

26 अप्रैल 2024 - नामांकन पत्रों की जांच

29 अप्रैल 2024 - नाम वापसी की तिथि

13 मई 2024 - मतदान

4 जून 2024 - मतगणना

## स्मृतशेष राम गोपाल तिवारी की पुण्यतिथि पर हुआ सुंदरकाण्ड एवं भंडारे का आयोजन



कानपुर; भारत योग एसोसिएशन कानपुर प्रांत संयोजक रोहित तिवारी द्वारा ऑफिसर्स कॉलोनी में सुंदरकांड, राधा कृष्ण की झांकी व भंडारे का आयोजन किया गया, रोहित तिवारी ने बताया कि यह आयोजन राज्य कर विभाग में कार्यरत रहे उनके पिता स्व राम गोपाल तिवारी की पावन स्मृति में उनकी ग्यारवीं पुण्यतिथि पर किया गया है, मुख्य रूप से उपस्थित हुए श्री सिद्धनाथ धाम जाजमऊ के महंत बालयोगी श्री अरुण चैतन्य पुरी जी महाराज ने लोक मंगल की कामना के साथ सभी को आशीर्वाद प्रदान किया, कार्यक्रम में अपर आयुक्त मिथिलेश शुक्ला, संयुक्त आयुक्त मुकेश चंद्र पाण्डेय, गूगल गोल्डन बाबा श्री मनोजानंद जी महाराज, भूपेश अवस्थी, शैलेंद्र द्विवेदी, डॉ अरूण पाण्डेय, डॉ आर के सिंह, अशुतोष द्विवेदी, कृष्ण मोहन त्रिपाठी, नीमा त्रिपाठी, रीता तिवारी, रुमित सागरी, अजय द्विवेदी, अखिलेश शुक्ला, अमित दिवाकर, अश्वनी द्विवेदी,अनिल तिवारी, आकाश तिवारी विष्णुकांत मिश्रा, अमर मिश्रा, सुशील दूबे, चंद्रप्रकाश तिवारी, सुधीर द्विवेदी, गोपाल दीक्षित, कमलकांत मिश्रा, बलविंदर सिंह, सुरेन्द्र तिवारी, प्रभात त्रिपाठी, आनंद पाण्डेय, अंकुर श्रीवास्तव, राम बहादुर पांडेय, मोहित मिश्रा, अनूप शुक्ला, योगेन्द्र सिंह, देव त्रिपाठी, ओम गुप्ता, कमलेश यादव, अनूप कुमार, सचिन द्विवेदी, मंजू यादव, पूजा, जूही सिंह, सरिता यादव आदि सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# महापौर ने सेरी सिल्वर ज्वेलरी शोरुम का किया भव्य शुभारंभ



कानपुर स्वरूप नगर द चाट चौराहा स्थित सेरी सिल्वर ज्वेलरी का शुभारंभ हुआ इस दौरान प्रोपराइटर इंद्रजा सर्राफ ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि आज हमारे नवीन आउटलेट का शुभारंभ शहर की महापौर श्रीमती प्रमिला पांडे ने अपने कर कमलो द्वारा फीता काटकर किया सभी ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए उन्होंने नवीन प्रतिष्ठान की हार्दिक शुभकामनाएं भेंट की हमारे सहयोगी प्रतिष्ठान पंचरत्ना एंड सन्स ज्वेलर्स है सेरी ज्वेलरी में आपको सभी प्रकार की सिल्वर जूलरी एक से एक बढ़कर आकर्षक खूबसूरत डिजाइन में उपलब्ध होगी जिनकी कीमत 1000 से शुरू होगी जो आपके बजट को ध्यान में रखते हुए सिल्वर लग्जरी ज्वेलरी सभी प्रकार की एक ही छत पर आपको प्राप्त होगी चांदी की पूरी ज्वेलरी 925 स्टरलिंग सिल्वर है इस मौके पर शहर के लोगों से यही कहना चाहूंगी कि वह एक बार हमारे यहां आए अपनी सेवा का अवसर ज़रूर प्रदान करें हमारा संकल्प है शहर वासियो को कम दाम में शुद्ध गुणवत्ता की ज्वेलरी उपलब्ध कराना और आपके विश्वास पर खरा उतरना यही हमारी पहचान है

## राम नवमीः भगवान राम के साथ कानपुर में पूजी गई कन्याएं, किया भोज



सुनील बाजपेई

कानपुर। आज यहां चैत्र नवरात्र के अखिरी दिन राम नवमी पर भगवान के साथ ही मां महागौरी की भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस दौरान देवी मंदिरों व घरों में हवन के बाद कन्याओं का पूजन कर उनका भोज भी किया गया। हर ओर देवी गीतों व जयकारों से माहौल भक्तिमय भी रहा।शक्ति की अधिष्ठात्री भगवती जगदंबा व काली जी की आराधना-साधना के पर्व नवरात्रि में आज प्रातः से ही देवी दरबारों में श्रद्धा की फुहार बरसी। श्रद्धालुओं ने माता रानी को नारियल व चुनरी अर्पित कर दर्शन-पूजन किया व घर-परिवार एवं देश समृद्धि की दुआ मांगी। नवरात्र के दिनों में व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं में विजय लक्ष्मी ,नेहा , अनुराग, ,सुवोध, राघव, मनीश मिश्रा, मोना किट्टू और कीनू, रूची राज मिश्रा, मीठी, नंदन, कृष्णा आदि ने देवी मां का दर्शन कर मंदिरों व घरों में परांपरागत कन्या-पूजन कर हलवा, पूड़ी, चना, दही-जलेबी आदि का भोग लगाया। साथ ही कन्याओं को लाल चुनरी व उपहार भी भेंट किया। इस दौरान मंदिरों में %जय श्री राम व जय माता दी% कि उद्घोष के बीच घंटाघड़ियाल खूब बजे। वहीं, जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया जिसे भक्तों ने बड़े ही चाव से चखा। इस बार अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनवमी की जिलेभर में धूम रही।

## कानपुर में एंबुलेंस चालक ने आत्महत्या का किया प्रयास



लोक जन संदेश बिल्हौर

कानपुर के बिल्हौर में शिवराजपुर टोल प्लाजा पर कार्यरत एम्बुलेस चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने खिड़की का कांचतोड़कर कमरे के अंदर पहुंचे और उसकी जान बचाई। मौकेपर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। चौबेपुर थाना क्षेत्र के रौतापुर निवासी रवि कटियारकानपुर-अलीगढ़ हाईवे के शिवराजपुर टोल प्लाजा परस्वास्थ्य सेवाओं के लिए मौजूद हाईवे एम्बुलेंस में चालक है।बुधवार दोपहर उसने टोल-प्लाजा के इमरजेंसी रूम की छतपंखे में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या करने काप्रयास किया। वह पंखे में रस्सी बांधने के बाद गले में फंदाडाल ही रहा था तभी टोल प्लाजा पर मौजूद कर्मचारियों कीउस पर नजर पड़ गई और उन्होंने शोर मचा दिया। उपचार के लिए CHC भेजा गया टोल पर मौजूद पुलिस कमर्मी व तमाम कर्मचारियों ने कमरे कादरवाजा अंदर से बंद देख खिडकी में लगे कांच को तोड दियाऔर कमरे के अंदर पहुंचकर उसको फांसी लगाने से रोक लिया। कर्मचारियों की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके परपहुंच गई और उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रशिवराजपुर भिजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकीहालत सामान्य बताई जा रही है।

# हेड कांस्टेबल का बेटा बना आईपीएस ऑफिसर, खबर मिलते ही गर्व से चौड़ा हुआ पिता का सीना

लोक जन संदेश बिल्हौर / सुरजीत पाल

बिल्हौर बेटे को ऊंचाइयों पर जाते हुए हर कोई देखना चाहता है।लेकिन जिस कुर्सी को पिता हमेशा सलामी देता रहा हो उसी का हकदार उसका बटा बन जाए तो उसकी कल्पना मात्र से ही पिता का सीन घर से चौड़ा हो जाता है। कुछ ऐसी ही स्थिति बेटे का आईपीएस में परीक्षा में पास होने के बाद इस समय कानपुर के बिल्हौर में एसीपी कार्यालय में तैनात हेड कांस्टेबल संजय दुबे का है। बेटे की सफलता की खबर मिलते ही वह भाव विभोर हो उठे। कार्यालय में खुशी का माहौल होगया और सभी ने उनको मिठाई खिलाकर बधाई दी बिल्हौर एसीपी कार्यालय में तैनात हेड कांस्टेबल संजय दुर्ब मूल रूप से फरुखाबाद जनपद के नीम करोली गांव के निवासी हैं। उनके परिवार में उनकी पत्नी रेनू, बेटी वैष्णवी व बेटा विशाल हैं। उनके



अनुसार उनके बेटे विशाल ने मैनपुरी में उनके साथ रहते हुए पढ़ाई आरंभ की । वह बचपन से ही पढ़ने में तेज था। उसने कभी भी कोई जिद नहीं की। कक्षा 6में जब उसके प्रवेश की बारी आई तब सैनिक स्कूल नैनीताल और मिलिट्री स्कूल बंगलुरु दोनों जगह उसका चयन हो गया अटेम्प्ट में ही यूपीएससी का एग्जाम किया पास नैनीताल की फीस 1.25 लाख थी और बेंगलुरु की फीस केवल 25 रुपए थी। वेतन कम था तो घर में सभी लोग चिंतित हो गए कि प्रवेश कहां दिलाया जाए। ऐसे में कम उम्र के विशाल ने फैसला लिया कि वह बेंगलुरु में दाखिला लेगा कक्षा 11 की पढ़ाई के दौरान विशाल ने इंडिया की परीक्षा पास की और कक्षा 12 की पढ़ाई के दौरान क्लैट और दोबारा एनडीए की परीक्षा पास कर ली। वर्ष 2023 में उसने नेट जेआरएफ पास किया। किसी बीच आगरा में सेंट जोंस कॉलेज से स्नातक करवा दिल्ली चला गया और 22 वर्ष की उम्र में पहले अटेम्प्ट में ही यूपीएससी का एग्जाम पास कर लिया हेड कांस्टेबल पिता आईपीएस बेटे को करेंगे सलाम हेड कांस्टेबल संजय दुबे पुलिस की नौकरी ज्वाइन करने केबाद जो वर्दी को देखकर हमेशा सलाम करते रहे। इस वर्दी को आज उनके बेटे ने हासिल कर लिया। भविष्य में यदि पिता पुत्र की आई किसी एक क्षेत्र में हो जाती है। तो फिल्मों में बेटे को सलाम करते पिता दिखाया जाने वाला सीन हकीकत में बदल जाएगा। इसकी कल्पना मात्र से ही पिता संजय दुबे गदगद हैं पहली बार में ही हासिल की सफलता हेड कांस्टेबल संजय दुबे कहते हैं कि बचपन से ही प्रतिभा शाली उनके बेटे विशाल ने पैसे की कमी थी, इसलिए कभी कोचिंग नहीं की वह त्योहार पर भी घर नहीं आता था।उसने महज 22 साल की उम्र में कठिन तपस्या के बल पर पहली ही परीक्षा में अफसर बनने का सपना पूरा कर लिया

## बिधनू में रामनवमी को मां के भक्तों ने निकाले आस्था के जवारे



अमन सिंह

बिधनू - प्रत्येक वर्ष चैत्र मास में होने वाले नवरात्रि में नौ देवियों का पूजन किया जाता है।बुधवार को माता रानी के नौवें दिवस के साथ ही रामनवमी के दिन खेरसा कस्बे में विगत सैकड़ों वर्षों से चली आ रही जवारे की परंपरा को अग्रसित करते हुए मां के भक्तों के द्वारा आस्था के जवारे बड़ी ही धूम धाम से गगन भेदी जयकारों के साथ पूरे गांव में पद यात्रा कर निकाले गए। जवारे कानपुर सागर हाईवे से निकलते हुए मंदिर पहुंचे। गांव की ही महिलाओं एवम युवतियों ने अपने सिर पर मां की आस्था की हरियाली को सजाते हुए कठुई मार्ग पर स्थित सैकड़ों वर्ष पुराने मां काली के मंदिर में पहुंच वहां पूजन कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।गांव के ही युवक माता रानी पर आस्था रखते हुए सांग लगवा कर परिक्रमा करते हैं। वहीं महिलाएं भी सांग लगवा परिक्रमा करती हैं।इसके उपरांत माता रानी का प्रसाद भी भक्तों को वितरित किया गया।कस्बा निवासी राजेंद्र ने बताया की नवरात्रि के प्रथम दिवस पर जवारे मिट्टी के बर्तनों में बोए जाते हैं।फिर नवमी के दिन इन्ही को पूरे गांव में भ्रमण कर माता रानी के मंदिर में रखवाया जाता है।गांव के ही आशीष ,विष्णु ,छोटे ,सुनील आदि ने बताया की भक्ति के रस में डूब कर सभी मां से मनोकामना की पूर्ति हेतु सांग लगवा कर परिक्रमा करते हैं।

# बसपा ने कानपुर नगर से कुलदीप भदोरिया को प्रत्याशी घोषित किया



कानपुर, बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में कानपुर जिले का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी बीपी अंबेडकर रहे, उन्होंने कानपुर नगर से कुलदीप भदोरिया को प्रभारी/प्रत्याशी घोषित किया और बसपा शासन में हुए विकास कार्य व कानून व्यवस्था का जिक्र किया एवं अन्य वक्ताओं ने बहुजन समाज पार्टी व उनके प्रत्याशी को जिताकर दिल्ली पहुचाने की पुर जोर अपील करी गई, कार्यकर्ताऔ के जोश को देखते हुए सभी ने एकमत होकर युवा प्रत्याशी कुल्दीप भौदरिया कानपुर नगर से सांसद बनाकर संसद भेजने के लिए कमर कस ली हैं। मण्डल के प्रभारीगण व जिला पदाधिकारिओं ने कहा 2024 का लोकसभा का चुनाव बहुजन समाज पार्टी पूरे देश में अकेले अपने दम पर लड़ रही है निश्चित तौर में जब रिजल्ट आएंगे तो चौंकाने वाले आएंगे जिस तरह से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशियों को सर्वसमाज का समर्थन मिल रहा हैं उससे अधिक से अधिक सीटें जीतकर आएंगे और आदरणीय बहन कुमारी मायावती के हाथों को मजबूत किया जा सकें जिससे कि सर्वसमाज के हित अधिकारों की रक्षा हो सकें और इस देश की प्रधानमंत्री बन सके। कार्यक्रम में मुख्य मंडल प्रभारी प्रवेश कुरील, अनिल पाल मंडल प्रभारी राजकुमार कप्तान जिलाध्यक्ष,तिवारी,पूर्व प्रत्याशी,एसपी टेकला, रामकृष्ण भास्कर, पूर्व अध्यक्ष बबलू चौधरी, हरिकिशन ब्रम्हा,अनिल शाक्य, पन्नालाल जैसवार, दीपांकर कुमार,अनूप गौतम, मो0 जीशान, डब्लू बाल्मीकि, सुनील बाबू,धर्मेन्द्र गौतम,सर्वेश निषाद, किरनलता गौतम,बबलू चौधरी पूर्व जिलाध्यक्ष कानपुर नगर, राजा राम भारती पूर्व जिलाध्यक्ष, आरके भास्कर पूर्व जिलाध्यक्ष, पन्ना लाल जैसवार, संदीप भगत, सुनील बाल्मिकी, मनोज पचौरी,अजय गौतम, भगवान दीन कक्कू आदि सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# राजनीतिक दबाव में हो रहा है दिव्यांग व्यक्ति का उत्पीड़न




कानपुर। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने आज पत्रकार वार्ता में दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला से पुलिस के माध्यम से दबाव बनवाकर अवैध वसूली का आरोप लगाया है। वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि किदवई नगर थाना अन्तर्गत राजेश कुमार शुक्ला का शैलेन्द्र मिश्रा से बिल्डर एग्रीमेन्ट हुआ था। जिसमें तय हुआ था कि भूतल में कोई भी मकान तब तक नहीं बनेगा जब तक के0डी0ए0 से नक्शा नहीं पास हो जायेगा। बिल्डर शैलेन्द्र मिश्रा ने यह कहकर कि भूतल का के0डी0ए0 से नक्शा पास हो गया है अवैध रूप से भूतल में 2 बी0एच0के0 का फ्लैट बना लिया है और झूठ बोलकर सरदार गुरदीप सिंह को विक्रय कर दिया है। जब दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला ने बिल्डर शैलेन्द्र मिश्रा से के0डी0ए0 से पास नक्शे की छायाप्रति मांगी तो उन्होंने कहा कि नक्शा पास नहीं हुआ है। उसके बाद दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला ने बयाने के रूप में प्राप्त 7,50,000/- रूपया गुरदीप सिंह को चेक व नकद वापस कर दिया। के0डी0ए0 से नक्शा पास न होने के कारण भूतल का मकान बेंचना अवैध होता है, के0डी0ए0 कभी भी उस फ्लैट को गिरा सकता है। रूपया वापस करने के बाद भी गुरदीप सिंह दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला से दुबारा रूपया वसूली के लिए भाजपा नेता जसविंदर सिंह के माध्यम से पुलिस पर दबाव बनवाकर उत्पीड़न कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को अनेकों बार प्रार्थना पत्र दिया गया है पुलिस कमिश्नर को भी इस सम्बन्ध में पत्र दिया गया है। लेकिन पुलिस पर नाजायज दबाव बनाकर आय दिन दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला से रूपया वसूली का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा नेता जसविंदर सिंह के प्रभाव के कारण किदवई नगर पुलिस दिव्यांग व्यक्ति के विरूद्ध रिपोर्ट लगा रही है। भाजपा नेता जसविंदर सिंह के सहयोग से सरदार गुरदीप सिंह ने दिनांक 15.04.2024 को अपार्टमेन्ट में अपना सामान रखकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। पुलिस सच्चाई को दरगिनार कर रही है और पुलिस द्वारा दिव्यांग व्यक्ति से यह कहा जा रहा है कि सरदार गुरदीप सिंह का रूपया वापस कर दो। जबकि रूपया जरिये चेक पहले ही वापस हो चुका है।वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस आयुक्त को पत्र भेजकर वरिष्ठ अधिकारी से जांच करवाने की मांग की जायेगी और मामले में दिव्यांग राजेश कुमार शुक्ला को न्याय न मिला तो 15 मई से दिव्यांग उत्पीड़न के विरोध में आन्दोलन किया जायेगा।

लोकजन संदेश
हिन्दी दैनिक
स्वामी प्रकाशक मुद्रक मो. सलीम द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डन नं. 6-ए/7 रेलबजार कानपुर नगर-208004 से छपवाकर प्रधान कार्यालय 105/55 चमनगंज कानपुर 208001 से प्रकाशित। Email: knplokjansandesh@gmail.com lokjansandesh1@gmail.com
R.N.I: UPHIN/2015/68360
समाचार पत्र से प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी आपत्तियां दो सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएंगी। समस्त विवाद कानपुर न्यायालय के अधीन होंगे। समाचार पत्र के सभी पद अवैतनिक हैं।
संपादक
मो. सलीम
8840049299